अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 9314505000 लॉग ऑन करें: www.chamaktarajasthan.com

RNI No. RAJHIN/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

Email- chamaktarajasthan8789@gmail.com जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2022-23

जयपुर, मंगलवार, 22 अगस्त 2023 वर्ष : 14 अंक : 08 पृष्ठ : 8 दैनिक प्रातः कालीन मूल्य : 1 रूपया


## उदयपुर में 9वां सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन प्रारंभ

# लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने में सीपीए का अभूतपूर्व योगदान : ओम बिरला

### सीपीए इंडिया के प्रयास लोकतंत्र और सुशासन होगा मजबूत - मुख्यमंत्री
### लोकतंत्र में विधायिका व कार्यपालिका में समन्वय अनिवार्य- विधानसभा अध्यक्ष


**चमकता राजस्थान, उदयपुर।** राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ (सीपीए) का 9वां भारत क्षेत्र सम्मेलन सोमवार से झीलों की नगरी उदयपुर में शुरू हुआ। सम्मेलन में लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती, जनप्रतिनिधियों को अधिक उत्तरदायी बनाने, डिजिटल सशक्तिकरण से गुड गवर्नेंस जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर मंथन प्रारंभ हुआ।

सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन के तहत प्रथम दिन सोमवार सुबह होटल ताज अरावली में सीपीए कार्यकारी समिति की बैठक हुई। इसके पश्चात सभी अतिथि होटल अनंता पहुंचे वहां उद्घाटन सत्र हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राजस्थान की धरती अध्यात्म और समर्पण की धरती है। मेवाड़ का महत्व पूरे विश्व में है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1911 में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की स्थापना हुई थी, तब इसमें 57 देश थे। इसके बाद निरंतर इसका विस्तार होता गया। इस संघ ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र मजबूत है, यहां सदियों से लोकतंत्र की परंपरा रही है। आज देश की आबादी विश्व में सबसे अधिक है। इसके अलावा हम सबसे बड़ा लोकतंत्र भी हैं। देश में काफी विविधता विद्यमान है जिस वजह से हमारी चुनौती और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आज संसदीय संस्थाओं में संवाद का स्तर गिरा है, सदन में गरिमा जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई विधानसभाओं ने पेपरलेस होने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं और कई विधानसभा अपने कार्यवाहियों को ऑनलाइन कर रही है जो अच्छा कदम है।



### योजनाओं में आई.टी के उपयोग और इनोवेशन में राजस्थान देश में अग्रणी- मुख्यमंत्री



सम्मेलन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सीपीए इंडिया लोकतांत्रिक प्रणाली की मजबूती के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर विचारों और नवाचारों से लोक कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सम्मेलन के जरिए विशेषज्ञों के विचारों से जनप्रतिनिधियों का ज्ञानवर्द्धन होगा, जिससे हमारा लोकतंत्र और सुशासन अधिक मजबूत होगा। उन्होंने सीपीए राजस्थान शाखा की मेजबानी में हुए सम्मेलन में कहा कि डिजिटल युग में लोकतंत्र की मजबूती, गुड गवर्नेंस और देश निर्माण में जनप्रतिनिधियों की भूमिका के लिए सम्मेलन उपयोगी साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी द्वारा देश में कम्प्यूटर इस्तेमाल को मिशन मोड पर लिए जाने से ही आज गुड गवर्नेंस सुनिश्चित हो सकी है। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.सी.पी. जोशी द्वारा राजस्थान में सीपीए की गतिविधियों और विधानसभा में किए गए अभिनव प्रयासों की भी सराहना की। गहलोत ने कहा कि आईटी का योजनाओं में सर्वश्रेष्ठ उपयोग और नए इनोवेशन करने में राजस्थान देश में अग्रणी राज्य बन गया है। राजस्थान में सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने में आईटी की बड़ी भूमिका है। लगभग 80 हजार ई-मित्र केंद्रों से 550 से अधिक सेवाओं को आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी ने सभी अतिथियों का शाब्दिक स्वागत करते हुए सीपीए के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीपीए का मुख्य उद्देश्य प्रजातंत्र को सुदृढ़ बनाना है। इसके माध्यम से संसद प्रमुख तथा विभिन्न राज्यों की विधायिका के प्रमुख, जनप्रतिनिधिगण आदि मिलकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मंथन करते हैं। कॉमन नीति बनाकर उस पर अमल करते हैं, इससे लोकतंत्र को सुदृढ बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया, भेरोसिंह शेखावत आदि ने पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी के लिए जो कार्य किये है वे अनुकरणीय हैं। इस कॉन्फ्रेंस के लिए उदयपुर का चयन होना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र के माध्यम से हमने देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सदन पूरा चले और सदन प्रभावशाली होगा तो नीतियां बनेगी और राष्ट्रहित में उपयोगी साबित होगी। सदन पूरा नहीं चलता तो इससे देश और लोकतंत्र दोनों को नुकसान होता है। सीपीए के माध्यम से उन नीतियों पर मंथन होगा कि सदन को कैसे सुगमतापूर्वक चलाया जाए, ताकि आमजन के हितों के मुताबिक नीति-नियमों का निर्धारित किया जा सके।

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि आज के युग में टेक्नोलॉजी का रोल बढ़ा है। आज की दुनिया तकनीक से संचालित है। भारत के पास तेज गति से बढ़ने का अवसर है। तकनीक से ट्रांसपरेंट प्रशासन बना है और भ्रष्टाचार कम हुआ है। आज देश में रेवेन्यू रिकॉर्ड ऑनलाइन हो रहे हैं। आईटीआर रिटर्न में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में जी20 सम्मेलन में भी डिजिटल इकोनामी पर चर्चा हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीवीसी की रिपोर्ट- सीबीआई के 6841 केस कोर्ट में पेंडिंग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय सतर्कता आयोग ने 2022 की एनुअल रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के जिन मामलों की जांच पूरी कर ली है, उनमें से 6841 मामले कोर्ट में पेंडिंग हैं। इन पर अभी तक कोई फैसला नहीं आ सका है। इनमें से 313 मामले ऐसे हैं, जिन्हें कोर्ट में पहुंचे 20 साल से ज्यादा समय हो गया है।सीवीसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि 31 दिसंबर 2022 तक सीबीआई के पास 692 केस पेंडिंग थे, जिनकी जांच केंद्रीय एजेंसी को करनी थी। इनमें से 42 केस ऐसे हैं, जिनकी जांच शुरू हुए 5 साल से ज्यादा वक्त बीत चुका है, जबकि सीबीआई को एक साल के भीतर जांच पूरी करनी होती है।

### सांसद पर लाठीचार्ज, पटना डीएम-एसएसपवी को लोकसभा अध्यक्ष ने दिल्ली बुलाया

**पटना, (एजेंसी)।** पटना में भाजपा नेताओं पर लाठीचार्ज का आदेश देने वाले पटना के डीएम और एसएसपी को स्पीकर ओम बिरला ने तलब किया है। दोनों अफसर 30 अगस्त को दिल्ली में उनके सामने पेश होंगे। लाठीचार्ज में भाजपा सांसद जनार्दन सिग्रीवाल घायल हुए थे, उन्होंने इसकी शिकायत लोकसभा स्पीकर से की थी। लाठीचार्ज के दौरान एक भाजपा नेता की भी मौत हुई थी। पुलिस रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। डीएम और एसएसपी को दिल्ली तलब करने को जदयू ने नाटक बताया है तो भाजपा ने कहा कि चाहे वो डीएम हो या एसएसपी, सबके लिए कानून एक है।

**विधानसभा घेरने निकले थे कार्यकर्ता, पुलिस किया था लाठीचार्ज :** 13 जुलाई को भाजपा नेताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इसमें सांसद जनार्दन सिग्रीवाल भी घायल हुए थे। भाजपा नेता शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग कर रहे थे। इसके साथ ही लैंड फॉर जॉब्स केस में चार्जशीट में नाम आने के बाद होने के बाद तेजस्वी यादव के इस्तीफे की मांग को लेकर विधानसभा घेरने निकले थे।

### 370 हटाने को सही ठहराने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कश्मीर से आर्टिकल 370 और 35-ए हटाने को सही ठहराने की मांग करने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। ष्टछ्वढ्ढ चंद्रचूड़ ने कहा कि ये कैसी याचिका है? हमें आपकी याचिका पर वह घोषणा क्यों करनी चाहिए? याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से कोर्ट ने पूछा आपके क्लाइंट को किसने राय दी है?

जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आर्टिकल 370 को निरस्त करने की संवैधानिक वैधता का मुद्दा पहले से ही शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के समक्ष लंबित है। बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल थे। अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35-ए को हटाने की संवैधानिक वैधता का मुद्दा संविधान पीठ के समक्ष पेंडिंग है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच इस मामले में सुनवाई कर रही है।

### 15वें शिखर सम्मेलन में शामिल होगें मोदी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिक्स की 15वीं शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मंगलवार को सुबह दक्षिण अफ्रीका के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां से 25 अगस्त को एक दिन की आधिकारिक यात्रा पर यूनान जाएंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को यहां विदेश मंत्रालय में एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग में प्रधानमंत्री की इन यात्राओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोदी कल नयी दिल्ली से सुबह जोहान्सबर्ग के लिए रवाना होंगे और वहां 22 से 24 अगस्त के दौरान ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) की पंद्रहवीं शिखर बैठक के कार्यक्रमों में भाग लेंगे। दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के पहले दिन मोदी जोहान्सबर्ग में रिट्रीट (पयर्टन स्थल पर) पर ब्रिक्स देशों के शीर्ष नेताओं और आमंत्रित देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के साथ मुलाकात करेंगे। उन्होंने बताया कि रिट्रीट बैठक व्यक्तिगत प्रकार की होगी, जिसमें नेता वैश्विक महत्व के विषयों पर निजीतौर पर विचार विमर्श करेंगे। मोदी बुधवार से ब्रिक्स सम्मेलन की औपचारिक बैठकों में भाग लेंगे।

### इंडिगो फ्लाइट की जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग, 23 साल के युवक को हार्ट अटैक आया

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** लखनऊ से शारजाह जा रही इंडिगो की फ्लाइट ई 6-1423 की जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। दरअसल, विमान में 23 साल के युवक को हार्ट अटैक आ गया था। उसे जयपुर एयरपोर्ट के नजदीक एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला रविवार रात 11ञ्10 बजे का है। मीडिया में यह खबर सोमवार को आई। हॉस्पिटल के इमरजेंसी से जुड़े मेडिकल स्टाफ ने बताया कि पेशेंट का नाम नंथा गोपाल है।


प्रारंभिक इलाज लेने के बाद उसने आगे का इलाज लेने से मना कर दिया और वापस चला गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी के सीनियर ऑफिसर्स के अनुसार विमान ने लखनऊ एयरपोर्ट से रात करीब 9ञ्45 बजे शारजाह के लिए उड़ान भरी थी। यह जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की टेरिटरी में आया तो एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना मिली कि विमान को मेडिकल इमरजेंसी के लिए उतारना है।



### देश में एम्स का कोई विकल्प नहीं : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** एम्स दिल्ली के 48 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का कोई विकल्प नहीं है। इस प्रमुख संस्थान ने वैश्विक मान्यता अर्जित की है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया, एम्स निदेशक एम श्रीनिवास और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं दर्जनों बार एक मरीज के रूप में यहां आया हूं। यहां के डॉक्टरों का समर्पण अद्वितीय है। क्या आप रोगी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, भागीदारी और समर्पण को हरा सकते हैं। उन?होंने कहा कि किसी संस्थान की ताकत उसके कर्मचारी होते हैं, मैं उन सभी कर्मचारियों और आज डिग्री लेने वाले छात्रों को शुभकामनाएं देता हूं। धनखड़ ने आगे कहा कि आप अपने पूरे जीवन में उस शिक्षक को याद रखेंगे, जिन्होंने आपको पढ़ाया, क्योंकि उन्होंने आपको मार्गदर्शन दिया है। मुझे यकीन है कि आप उन्हें कभी निराश नहीं करेंगे।उपराष्ट्रपति ने कोविड महामारी का जिक्र करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब हर कोई महामारी की चुनौतियों का सामना कर रहा था तो हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने जोखिम उठाया और हमारी रक्षा के लिए आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कोविड लॉकडाउन का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया में किसी ने भी व्यापक भागीदारी की रणनीति के बारे में नहीं सोचा जैसा कि प्रधानमंत्री ने किया। पूरे देश ने इसमें सहयोग किया। इससे कोविड को रोकने और उससे निपटने के सभी मोर्चों पर सकारात्मक परिणाम मिले।



### चंद्रयान-2 ने विक्रम लैंडर से कहा- वेलकम: चंद्रयान-3 के पास साउथ पोल पर सबसे पहले उतरने का मौका,कल होगी लैंडिंग

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** रूस का लूना-25 स्पेसक्राफ्ट क्रैश हो गया है। अब अगर भारत का चंद्रयान-3 मिशन सक्सेसफुल होता है तो वो चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने वाला पहला देश बन जाएगा। चंद्रयान-3 को 23 अगस्त को शाम 6ञ्04 बजे 25 चद्व की ऊंचाई से लैंड कराने की कोशिश की जाएगी। चंद्रयान-3 का दूसरा और फाइनल डीबूस्टिंग ऑपरेशन रविवार रात 1 बजकर 50 मिनट पर पूरा हुआ था। इस ऑपरेशन के बाद लैंडर की चंद्रमा से न्यूनतम दूरी 25 किमी और अधिकतम दूरी 134 किलोमीटर रह गई है। डीबूस्टिंग में स्पेसक्राफ्ट की स्पीड को धीमा किया जाता है।

**चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर और चंद्रयान-3 के लैंडर के बीच संपर्क स्थापित :** इसरो यानी इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने सोमवार को बताया कि उसने चंद्रयान-2 मिशन के ऑर्बिटर और चंद्रयान-3 के लैंडर के बीच संपर्क स्थापित कर दिया है। टु-वे कम्युनिकेशन के स्थापित होने के बाद ऑर्बिटर ने लैंडर से कहा- %स्वागत है दोस्त!% इसरो ने चंद्रमा की फार साइड यानी ऐसा इलाका जो पृथ्वी से कभी नहीं दिखता, उसकी तस्वीरें शेयर की हैं। इसे चंद्रयान-3 में लगे लैंडर हैजार्ड डिटेक्शन एंड एवॉयडेंस कैमरेसे 19 अगस्त 2023 को खींचा गया है। यह कैमरा लैंडर को सेफ लैंडिंग एरिया लोकेट करने में मदद करेगा। यानी ऐसा इलाका जहां बड़े पत्थर और गड्ढे न हो।

चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रहे एम. अन्नादुरई के मुताबिक 23 अगस्त की शाम को चंद्रयान-3 के लैंडर को 25 किमी की ऊंचाई से चांद की सतह तक पहुंचने में 15 से 20 मिनट लगेंगे। यही समय सबसे क्रिटिकल होने वाला है।

### मानहानि मामले में सीएम गहलोत दिल्ली की अदालत में वर्चुअली हुए पेश



**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। वह उदयपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को तय की है। गहलोत 7 अगस्त को भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए थे। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उन्हें और उनके परिवार को संजीवनी घोटाले में आरोपी बताए जाने पर सीएम गहलोत पर मानहानि का दावा किया था। इसके बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने 6 जुलाई को सीएम अशोक गहलोत के खिलाफ समन जारी किया था। इसके खिलाफ गहलोत ने सेशन कोर्ट में रिवीजन दाखिल किया था, लेकिन वहां से उन्हें राहत नहीं मिली। रिवीजन कोर्ट में सीएम गहलोत को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश होने की इजाजत दी गई। रिवीजन कोर्ट में 1 अगस्त को सुनवाई के दौरान सीएम अशोक गहलोत की ओर से कहा गया था कि उनके पास गृह विभाग भी है और गृह मंत्री होने के नाते एसओजी उन्हें रिपोर्ट करती है। मामले को लेकर एसओजी ने उन्हें जो जानकारी दी, बस उसे सीएम अशोक गहलोत ने मीडिया से साझा किया। एसओजी को मिली शिकायत में गजेंद्र सिंह के परिवार का भी नाम है, ऐसा बताया गया है। दूसरी ओर, गजेंद्र सिंह शेखावत के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि किसी भी शिकायत में उनका नाम नहीं था। उन्होंने बताया कि मानहानि का मामला दर्ज होने के बाद कथित तथ्य एसओजी ने एकत्र किये थे। करीब पांच महीने पहले शेखावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ मानहानि का दावा किया था। इससे पहले 21 फरवरी को सचिवालय में बजट समीक्षा बैठक के बाद गहलोत ने कहा था कि गजेंद्र सिंह के माता-पिता और पत्नी समेत पूरा परिवार संजीवनी घोटाले में शामिल है।

## बांसवाड़ा, नागौर, राजसमंद में 6 इंच तक पानी बरसा

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान में अगस्त के महीने में सूखे जैसी बन रही स्थिति पर फिलहाल अब विराम लग गया। पूर्वी राजस्थान के साथ पश्चिमी राजस्थान के जिलों में हो रही अच्छी बारिश से किसानों के लिए राहत मिली है। पश्चिमी राजस्थान में पिछले कुछ दिनों से फसलों के सूखने का खतरा बना हुआ था। इस बीच, रविवार देर शाम नागौर, जैसलमेर, जोधपुर, पाली समेत कई जिलों में अच्छी बारिश हुई, जिससे इन जिलों में खड़ी खरीफ की फसलों को फायदा हुआ। पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट देखें तो बांसवाड़ा के बागीडोरा में सबसे ज्यादा 156मिमी (6 इंच) बारिश दर्ज की गई। जिले के गढ़ी, सज्जनगढ़, सलोपत, दानपुर एरिया में भी 2 से लेकर 5 इंच तक बरसात हुई। बांसवाड़ा में इस मानसून सीजन की एक दिन में यह सबसे ज्यादा बारिश है। इसी तरह नागौर जिले के मकराना एरिया में 110 मिमी (4 इंच से ज्यादा) बरसात हुई। यहां सड़कों पर नदी की तरह पानी बहता दिखा। नागौर के साथ राजसमंद के देलवाड़ा में भी 102मिमी बारिश हुई। पश्चिमी राजस्थान के गंगानगर, जोधपुर, पाली, जैसलमेर, हनुमानगढ़ और बीकानेर में भी कई जगह हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। इधर पूर्वी राजस्थान के झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, टोंक, उदयपुर, जयपुर, डूंगरपुर, दौसा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, भरतपुर और अजमेर जिलों में कहीं स्थानों पर 1 से लेकर 48स्रूतक बरसात दर्ज हुई। मौसम केंद्र जयपुर से जारी फोरकास्ट के मुताबिक राज्य में आज अलवर, बारां, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, झालावाड़, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर और टोंक समेत अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

**बारिश से किसानों को राहत :** राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों में पिछले 15 दिन से सूखे जैसी स्थिति बनी हुई थी। इस कारण पश्चिमी राजस्थान के 9 जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, नागौर और चूरू में 93 लाख हेक्टेयर में खड़ी खरीफ की फसल के खराब होने की आशंका बढ़ गई थी।

### अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर मुनेश गुर्जर को किया निलंबित, सरकार ने मेयर निलंबन केस में हाईकोर्ट में पेश किया जवाब, कोर्ट में रिपोर्ट तलब



**चमकता राजस्थान, जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज की निलंबित मेयर मुनेश गुर्जर की याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस इंद्रजीत सिंह की कोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट में अपना जवाब पेश किया। सरकार ने कहा- हमने अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर मुनेश गुर्जर का निलंबन किया है। इस पर कोर्ट ने सरकार से अंतरिम रिपोर्ट तलब की है। मामले में मंगलवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। दरअसल, मुनेश गुर्जर ने सरकार के निलंबन आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। पिछली सुनवाई में सरकार ने हाईकोर्ट से जवाब के लिए समय मांगा था। हाईकोर्ट में याचिका दायर करके मुनेश गुर्जर की ओर से कहा गया कि सरकार ने उनके निलंबन से पूर्व कोई जांच नहीं की। गलत तथ्यों के आधार पर आनन-फानन में उन्हें निलंबित किया गया है, जबकि एसीबी ने एफआईआर में याचिकाकर्ता को आरोपी भी नहीं माना हैं। दरअसल, मुनेश गुर्जर को स्वायत्त शासन विभाग ने उनके पति सुशील गुर्जर व अन्य दो दलालों को पट्टे बनाने की एवज में रिश्वत के मामले में एसीबी द्वारा गिरफ्तार करने के बाद 5 अगस्त को निलंबित किया था।

## केंद्र का सुझाव- असाधारण मामले में ही कोर्ट बुलाएं; फैसला सुरक्षित

# अफसरों की पेशी पर गाइडलाइन दे सकता है सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट सरकारी अफसरों की कोर्ट में पेशी को लेकर गाइडलाइन दे सकता है। 16 अगस्त को केंद्र सरकार ने सुझाव दिया था कि असाधारण मामलों में ही किसी अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कोर्ट बुलाया जाना चाहिए। सोमवार को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वो इस बात पर भी विचार करेंगे कि कोर्ट में पेश होने के दौरान किसी अधिकारी की ड्रेस कैसी होनी चाहिए। कोर्ट ने ये कमेंट इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए किया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्देश का पालन ना करने पर उत्तर प्रदेश के दो ढ्ढस्र अधिकारी- शाहिद मंजर अब्बास रिजवी और सरयू प्रसाद मिश्रा को हिरासत में लेने का निर्देश दिया था। 20 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों अधिकारियों को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया।

इसके बाद केंद्र सरकार ने सरकारी अफसरों की पेशी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एसओपी दाखिल कर विचार के लिए कुछ सुझाव दिए थे। कोर्ट ने एसओपी को लेकर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

**बड़े अफसरों को तलब करने पर दूसरे काम रुक जाते हैं :** सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि एसओपी के कुछ हिस्से ऐसे हैं, जिनमें सरकार हमें बता रही है कि रिव्यू कैसे किया जाना चाहिए। हम इस मुद्दे पर खुद गाइडलाइन तैयार कर सकते हैं।

*हम इस बात पर भी विचार करेंगे कि कोर्ट में पेश होने के दौरान सरकारी अधिकारी की ड्रेस कैसी होनी चाहिए।*

**डीवाई चंद्रचूड़**
**चीफ जस्टिस, सुप्रीम कोर्ट**



वहीं, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार की ये मंशा कभी नहीं रही। हम बस ये कहना चाहते हैं कि मुख्य सचिव जैसे बड़े अफसरों को तलब करने की जरूरत नहीं है। इससे दूसरे सब काम रुक जाते हैं।

**केंद्र का सुझाव- अफसर को वीसी के जरिए पेशी की छूट मिलनी चाहिए :** केंद्र सरकार ने कोर्ट में अफसरों की पेशी को लेकर सुप्रीम कोर्ट को सुझाव दिए थे। उसमे कहा गया था कि सरकारी मामलों से संबंधित कार्यवाही में सरकारी अधिकारियों को केवल असाधारण मामलों में ही बुलाया जाना चाहिए, ना कि नियमित रूप से। अगर किसी केस में संबंधित सरकारी अधिकारी के पास अदालत में उपस्थित होने के अलावा और कोई विकल्प ना हो तो ऐसी स्थिति में उसे पहले से पर्याप्त समय देते हुए नोटिस दिया जाना चाहिए। साथ ही कोर्ट को उन्हें पहले विकल्प के रूप में वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के जरिए पेश होने की छूट देनी चाहिए। इसके लिए वीसी का लिंक तय सुनवाई से कम से कम एक दिन पहले संबंधित अधिकारी को दिए गए मोबाइल नंबर या ई-मेल आईडी पर एसएमएसऔर ई-मेल या वॉट्सऐप द्वारा भेजा जा सकता है।

# बाड़ी-इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स संगठन की ब्लॉक इकाई द्वारा सौपा ज्ञापन



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट बाड़ी उपखंड में इंडियन फेडरेशन अॉफ वर्किंग जर्नलिस्टस संगठन की ब्लॉक इकाई द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम उपखंडाधिकारी को ज्ञापन सोपा है।

ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद मुद्गल के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया है कि पिछले लगातार 5 वर्षों से पत्रकारों की मांग को सरकार द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा हैं, जो उचित नहीं है, पत्रकार आपकी सरकार के जनहितकारी कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।उनकी आप अनदेखी करेंगे तो निश्चित रूप से आपको एवं आपकी पार्टी के लिए ठीक नहीं होगा/ एक बार पुनः आपसे निवेदन है के जाते-जाते राजस्थान में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाएं क्योंकि आए दिन पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं। हाल ही में बिहार में एक पत्रकार की गोली मारकर हत्या की गई है, राजस्थान प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जहां कई तरह के माफिया सक्रिय हैं,जो आयदिन पत्रकारों पर हमले करते व धमकी देते है। पत्रकारों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल है, जैसा कि आपकी कांग्रेस पार्टी के चुनाव मेनिफेस्टो में पिछली बार घोषणा की गई थी। लेकिन वह अभी तक अमल में नही लाई गई है। इसलिए अपने घोषणा पत्र को सिर्फ चुनावी घोषणा पत्र सीमित रखने की बजाय उसे अमल में लाने की क्रियान्विति करे, जिससे पत्रकार भय के माहौल में नही बल्कि निडर व निर्भीकता के साथ पत्रकारिता कर सके। ज्ञापन के दोरान वरिष्ठ पत्रकार बलवीर चौधरी, मलिक इमरान खान, राजू शर्मा, शुभम शर्मा, रामदास तरुण,जुबेर पठान, अंकित गोयल, रोहित वर्मा, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चिकित्सा विभाग के सहयोग से किया एक दिवसीय शिविर का आयोजन



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा विशेष योग्यजनों के हितार्थ उनके पहचान पत्र सुनिश्चित करने एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कृत्रिम अंग एवं अन्य लाभ उपलब्ध कराने हेतु संपूर्ण राजस्थान में योजना का शुभारम्भ किया गया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर द्वारा विशेष योग्यजनों के हितार्थ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आज दिनांक 21.08.2023 को सामान्य चिकित्सालय, बाड़ी में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर हेतु चिकित्सा विभाग द्वारा निःशक्तजन के सत्यापन बाबत् मेडिकल बोर्ड का गठन कर संबंधित विशेषज्ञों को नियुक्त किया गया। उक्त शिविर में ऑर्थोपेडिक डॉ. मुनेंद्र गर्ग, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मनोज गुप्ता, ईएनटी डॉ. महेश चंद गुप्ता, मनोरोग विशेषज्ञ रूपेन्द्र द्वारा विशेष योग्यजनों की जांच की गई एवं 40 प्रतिशत एवं अधिक निःशक्तताधारी विशेष योग्यजन जिनकी सत्यापन प्रक्रिया लंबित है, उनके सत्यापन किये गये एवं जिनके अभी तक निःशक्तता प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड नहीं बने हैं, उनके नवीन निःशक्तता प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड बनाये गये। शिविर में ऑर्थोपेडिक के 44 निःशक्तता प्रमाण पत्र जारी किये गये व 03 रैफर किये गये, ईएनटी के 01 निःशक्तता प्रमाण पत्र जारी किया गया व 05 रैफर किये गये, मनोरोग के 07 निःशक्तता प्रमाण पत्र जारी किये गये एवं नेत्र संबंधी 02 निःशक्तता प्रमाण पत्र जारी किये गये व 02 रैफर किये गये। शिविर में कुल 54 निःशक्तता प्रमण-पत्र जारी किये गये एवं 10 विशेष योग्यजनों को जांच हेतु रैफर किया गया।

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण जगदीश जादौन, प्रदीप शर्मा व चिकित्सा विभाग पीएमओ बाड़ी हरिकिशन मंगल, राजकुमार मोदी, दिनेश, पीएलवी सीताराम, पीएलवी हेमंत पाराशर, एवं आमजन मौजूद रहे।

# आगामी विधानसभा चुनाव राजस्थान के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय विधायक



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट विधानसभा चुनाव राजस्थान के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय विधायक प्रवास के

प्रवास के दौरान बाड़ी विधानसभा मैं नवनियुक्त उत्तर प्रदेश के मथुरा विधानसभा सीट से एमएलसी विधायक ओम प्रकाश सिंह के बाड़ी विधानसभा आगमन पर भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ कार्यालय पर जिला संयोजक विष्णु सिंघल के द्वारा माला एवम साफा पहनाकर कर स्वागत सम्मान किया गया वही मथुरा पैलेस बाड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक को संबोधित किया एवम कार्यकर्ताओं व संभावित प्रत्याशियों से फीडबैक लिया संगठन को मजबूती देने पर बल दिया इस बैठक में बाड़ी विधानसभा प्रभारी धर्म सिंह चौधरी जी एवं संगठन की ओर से विधानसभा के विस्तारक गिरधारी चौधरी जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश बगथरिया विधानसभा संयोजक विजय त्यागी पूर्व विधायक जसवंत गुर्जर जी बाड़ी मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा बिजौली मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह गुर्जर कंचनपुर मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद गोस्वामी जी नवाब बसई मंडल अध्यक्ष विजेंद्र लोधा सहकारिता जिला संयोजक विष्णु सिंघल प्रशांत परमार रमेश बॉबी परमार संजय परमार कुशवाहा नवाब बसई महामंत्री क तिवारी महेश कुशवाहा गोपाल कोली गोपाल कुशवाहा रविंद्र सिंह गुर्जर दीपक पंडित निलेश भारद्वाज नरेश यादव जितेंद्र गोस्वामी अनिल गोयल मुरारी मित्तल गुरुदेव गुर्जर नितिन शर्मा दीनदयाल कोली गया प्रसाद कोहली पूर्व चेयरमैन गिरीश भारद्वाज आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे

# देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने पशु उपकेन्द्र का किया शुभारम्भ



चमकता राजस्थान

भरतपुर/नदबई (राजवीर सिंह)देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष जोगिन्दर अवाना ने गांव फतेहरपुर में करीब 18.90 लाख रुपए की लागत से निर्माण हुए पशु चिकित्सा उपकेन्द्र का शुभारम्भ किया। इससे पहले विभागीय अधिकारी व ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष का अभिनंदन किया। बाद में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने विधिवत पूजा अर्चना कर उपकेन्द्र का शुभारम्भ किया। समारोह दौरान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने विगत चार साल में हुए विकास कार्यो को लेकर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को राजनीतिक गुटबाजी से दूर रहते हुए सहयोग करने को कहा। साथ ही राजनीतिक भावना को नजर अंदाज कर मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने का आश्वासन दिया।

समारोह दौरान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने सर्वसमाज के सहयोग से विकास कार्यो को प्राथमिकता देने का आश्वासन देते हुए बजट की कमी नही रहने को कहा। साथ ही प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को लाभान्वित होने व समाज में विकास के लिए बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया। समारोह में डाँ नागेश, डाँ रविन्द्र, सीबीईओ गजेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

# लोगों के हर सुख दुख खड़ा हूं साथ कभी भी अपने आप को अकेला न समझें -होतम सिंह



चमकता राजस्थान

धौलपुर (रामदास तरुण ब्यूरो चीफ) बसेड़ी विधानसभा संभावित प्रत्याशी होतम सिंह जाटव ने सोमवार को क्षेत्र के गांवों मे जाकर लोगों के सुख-दुख को अपना समझ कर आमजन से मुलाकात कर उनके दुख दर्द को बांटा चौखापुरा मे रामखिलाडी कुशवाह की बच्ची सर्फ दंश से मृत्यु हो गई उनके घर पर जाकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया उमरेह मे पीतम मीणा के यहां पर शोकाकुल परिवार से दुःख मे मिलकर दुख बांटा इसके साथ ही आदमपुर, अमरूपुरा,नकसौंदा,कोयला, कांकरई, गडरपुरा,सनौरा, बसेड़ी,बागथर मे दिलीप सरपंच एवं समुन्द्र सिह गुर्जर सरपंच ने सभी गांव वासियों को एकजुट करके मां चामुण्डा के मंदिर पर पुजारी के सामने सभी से होतम सिंह जाटव के पक्ष मे समर्थन देने के लिए दोनों हाथ खड़े करके समर्थन दिया इसके साथ ही मूडिक,मई,भारली, चंदू का पुरा, सहित अन्य गांवों मे पहुंच कर लोगों से मुलाकात की इस दौरान बसेड़ी विधानसभा संभावित प्रत्याशी होतम सिंह जाटव, वरिष्ठ पार्षद रूकमपाल सिंह जादौन, ओमवीर सिंह चौधरी, विनोद कुमार शर्मा, मुकेश कोली, सुरजीत गुर्जर, समुन्द्र सिह गुर्जर पूर्व सरपंच ,दिलीप गुर्जर सरपंच सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।*

# सरपंच श्याम लाल शर्मा के नेतृत्व में अच्छी बरसात व खुशहाली की कामना को लेकर पदयात्रा

## पदयात्रा में सैकड़ों ग्रामवासी व श्रद्धालु रहे शामिल



चमकता राजस्थान

चित्तौड़गढ़/बिजयपुर(स्पेशल लाइव रिपोर्ट: अमित कुमार चेचानी) बिजयपुर से लेकर गांव की पहाड़ी पर स्थित भूखी माता मंदिर तक अच्छी बरसात की कामना को लेकर बिजयपुर सरपंच श्याम लाल शर्मा के नेतृत्व में लगभग 7 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली गई इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी और भक्तजन शामिल थे। दिनांक 20 अगस्त रविवार को बिजयपुर गांव से सुबह 10:00 बजे से ढोल-नगाड़े साथ व माता रानी के ध्वज तले सरपंच श्याम लाल शर्मा के नेतृत्व में वीर तेजाजी मंदिर से गांव के सभी मंदिरों पर पूजा अर्चना कर प्रमुख मार्गो से होती हुई ग्रामवासी व भक्तजनों के साथ में पदयात्रा भूखी माता मंदिर पर माता का जयकारा लगाते हुए पहुंची। इस पदयात्रा में बिजयपुर गांव बड़े बुजुर्ग महिला बच्चे सभी शामिल थे। पहाड़ी पर स्थित भूखी माता मंदिर पर सभी श्रद्धालु मातारानी की आरती में शामिल हुए और मातारानी को भोग भी लगाया गया सरपंच शर्मा ने इस अवसर पर माता रानी से अच्छी बरसात के लिए क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पदयात्रा के पश्चात महाप्रसादी का भी आयोजन हुआ। इस महाप्रसादी में सभी ग्रामवासी व श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर बाबूलाल मूंदड़ा गोपाल मुद्रा मोती सिंह तवर शिव सिंह हाडा, महेश चंद्र लड्ढा, महेश चेचानी, कालू चेचानी, सुनील चेचान, कमल मूंदड़ा, किरण सिंह शक्तावत, पप्पू शर्मा, मुकेश खटीक, कालू सिंह चौहान, सूर्या रेगर, मदन रेगर, , कुलदीप चतुर्वेदी, अमित कुमार त्रिपाठी, शिव लाल मुंद्रा, राम रतन कुम्हार, बनवारी माली, तेज सिंह नरूका, , राजेंद्र सेन एवं समस्त ग्रामवासी व मातृशक्ति ने भूखी माता पहुंचकर क्षेत्र की खुशहाली एवं अच्छी बारिश के लिए माता रानी से प्रार्थना की।

*पिछले 8 सालों से सरपंच श्याम लाल शर्मा के नेतृत्व में लगातार हो रही है पदयात्रा*

ग्राम वासियों का कहना है कि चित्तौड़गढ़ ग्राम पंचायत बिजयपुर में पिछले 8 सालों से लगातार क्षेत्र में अच्छी बरसात व खुशहाली की कामना को लेकर सरपंच श्याम लाल शर्मा द्वारा इस पद यात्रा का आयोजन हो रहा है। जिसमें सभी ग्रामवासी व श्रद्धालु शामिल होते हैं और साथ ही महाप्रसादी के आयोजन में भी भाग लेते हैं। श्याम लाल शर्मा जब सरपंच नहीं थे तब भी इसका आयोजन हो रहा था और अब सरपंच बनने के बाद लगातार यह सिलसिला जारी है।

ग्राम वासियों ने यह भी बताया कि हम हर साल की भांति इस साल भी पद यात्रा में शामिल हुए हैं और जब भी हम इस पदयात्रा में माता जी के दर्शन कर आते हैं और बरसात शुरू होती है और आज भी वही हुआ पदयात्रा के साथ ही सुबह से बरसात का दौर जारी है और सभी ग्राम वासियों का भक्त जनों के चेहरे खिले हुए हैं कि इस साल भी हमारे क्षेत्र के आसपास बांध नदी या तालाब आदि भरे रहें ताकि हमें साल भर पानी की कमी महसूस ना हो।

*आस्था का केन्द्र है बिजयपुर स्थित श्री भूखी माता मंदिर। माता का आशीर्वाद है गांववासियों पर*


बिजयपुर की पहाड़ी पर सैकड़ों साल पुराना भूखी माता का मंदिर है जहां पर बिजयपुर गांव व आसपास के श्रद्धालु दर्शन को आते हैं। नवरात्रि पर्व पर इस शक्तिपीठ पर विशेष पूजा-अर्चना होती है।

सरपंच शर्मा ने बताया कि भूखी माता बिजयपुर वासियों व आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं की बहुत आस्था है। यहां जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से अपनी मनोकामना लेकर आते हैं वह पूरी हो जाती है। खूबसूरत और रोमांच से भरी से भरी पहाड़ियों के बीच में माता रानी का यह का यह शक्तिपीठ, भक्तजन व पर्यटकों के के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है।

*नव दुर्गा मंदिर बनने से श्रद्धालुओं में बढ़ेगा आकर्षण*

बिजयपुर सरपंच श्याम लाल शर्मा की पहल पर व भामाशाहों के सहयोग से भूखी माता मंदिर के पास जिले का पहला नव दुर्गा मंदिर बनने जा रहा है जिससे आसपास के क्षेत्रों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। हाल ही में ग्राम पंचायत सरपंच की ओर से व भामाशाहों के सहयोग से सीढ़ियों का निर्माण करवाया गया था। सीढ़ियों के दोनों और छायादार व फूलदार पौधों को भी लगाया गया। इन्हीं सीढ़ियों के पास नवदुर्गा के छोटे-छोटे मंदिर बनाकर प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी ऐसे में श्रद्धालुओं को माता के मंदिर के साथ ही नव दुर्गा मंदिर के दर्शन का लाभ मिलेगा अगले नवरात्रि महोत्सव तक यह कार्य पूरा होने की संभावना है।

# श्रीमती नीलकमल गुर्जर ने डीग में जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार ग्रहण किया



चमकता राजस्थान

चमकता राजस्थान ब्यूरो चीफ दीपचंद शर्मा डीग, राज्य सरकार के आदेशानुसार नवगठित डीग जिले में श्रीमती नीलकमल गुर्जर ने जिला शिक्षा अधिकारी( मुख्यालय )माध्यमिक शिक्षा डीग कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में सोमवार को कार्य ग्रहण कर लिया है । पूर्व में श्रीमती नीलकमल गुर्जर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पहाड़ी के पद पर कार्यरत थीं। आज कार्यालय में कार्य ग्रहण करने पर कार्यालय कार्मिकों द्वारा उनका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया गया।

चिंतन

# चीनी अर्थव्यवस्था का संकट गहराया

यूं तो वैश्विक अर्थव्यवस्था ही सुस्ती के दौर से गुजर रही है। आईएमएफ के मुताबिक, ग्लोबल जीडीपी तीन फीसदी के करीब वर्षों से बनी हुई है। जापान, अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय अर्थव्यवस्था पिछले एक दशक से धीमी विकास दर के संक्रमण से गुजर रही हैं। रूस, तुर्किये, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और जापान जैसे मजबूत देश उच्च महंगाई दर का सामना कर रहे हैं। हालांकि इस दौरान दुनिया की मैन्युफैक्चरिंग राजधानी माने जाने वाले चीन की अर्थव्यवस्था जरूर टिमटिमा रही थी, साढ़े छह फीसदी की दर से आगे बढ़ रही थी, लेकिन कोविड महामारी के बाद से वह भी लगातार ग्रोथ संकट से दोचार हो रही है। चालू वर्ष की पहली छमाही में चीन की विकास दर 5.5 फीसदी रही है, वर्ष 2023 में 5.2 फीसदी रहने का अनुमान है और 2024 में 4.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है। ये आंकड़े दिखाते हैं कि चीन की आर्थिक चाल मंथर हो गई है। चीन के सुस्त ग्रोथ का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। आज समूचे विश्व की अर्थव्यवस्था इंटरलिंक्ड है। वैश्विक स्थिति से उलट भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ रही है, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्व बैंक ने भारत की जीडीपी तेज रहने का अनुमान जताया है। वैश्विक रेटिंग एजेंसियां मूडीज, एसएंडपी, नोमुरा, क्रिसिल, मोर्गन स्टेनली आदि ने भारत की विकास दर की स्थिति को लेकर सकारात्मक रेटिंग दी है। अमेरिकी समाचार पत्र 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' (डब्ल्यूएसजी) के मुताबिक, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चीन की अर्थव्यवस्था अब गहरे संकट में है और उसका 40 साल का सफल वृद्धि मॉडल चरमरा गया है। अर्थशास्त्री अब मानते हैं कि चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है। प्रतिकूल जनसांख्यिकी और अमेरिका तथा उसके सहयोगियों के साथ बढ़ती दूरियों से स्थिति और खराब हो गई है, जो विदेशी निवेश व व्यापार को खतरे में डाल रहा है। यह केवल आर्थिक कमजोरी का दौर नहीं है बल्कि इसका असर लंबे समय तक दिख सकता है। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के आंकड़ों के हवाले से कहा गया कि सरकार व राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों के विभिन्न स्तरों के कर्ज सहित कुल ऋण 2022 तक चीन के सकल घरेलू उत्पाद का करीब 300 प्रतिशत हो गया था, जो अमेरिकी स्तर को पार कर गया। यह 2012 में 200 प्रतिशत से भी कम था। दूसरी ओर, चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) ने जून में कहा था कि चीन का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2023 की पहली छमाही (एच1) में सालाना आधार पर 5.5 प्रतिशत बढ़ा। हालांकि चीन की विकास दर कम रहने के बावजूद चीनी अर्थव्यवस्था बड़ी है, मजबूत है, फिर भी इससे भारत समेत विश्व की दूसरी अर्थव्यवस्थाएं भी प्रभावित होंगी। अर्थव्यवस्था का अपना चरित्र होता है। वह कृषि से शुरू होती है, उद्योग-धंधे के चरण में प्रवेश करती है, फिर सेवा क्षेत्र में विस्तार करती है और उसके बाद हाईएंड टेक्नोलॉजी की तरफ आगे बढ़ती है। अंत में वह सभी के सम्मलित विकास से विकसित व आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनती है। चीन ने मैनुफैक्चरिंग के दौर का लाभ उठाया है, जबकि भारत ने सेवा क्षेत्र का फायदा उठाया है। वैश्विक मांग में मंदी के बावजूद सेवा क्षेत्रों में वृद्धि की बदौलत चालू वर्ष में भारत का पहली छमाही में विदेश व्यापार 800 अरब डॉलर पार कर गया है।



तीन नए विधेयक
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# औपनिवेशिक कानूनों का अंत

केंद्र सरकार ब्रिटिश साम्राज्य से आज़ादी के 76 वर्षों बाद अब अंग्रेजों के बनाए पुराने भारतीय दंड संहिता, 1860 (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता, 1898, 1973 (सीआरपीसी), व भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (एविडेंस एक्ट) को समाप्त करते हुए उनके स्थान पर तीन नए कानून- भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 व भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 लाने जा रही है। इनसे ना केवल दंड विधान का चेहरा बदलेगा, बल्कि 21वीं सदी के भारत की न्यायिक ज़रूरत भी पूरी होगी। अभी इन बिलों की कानूनी यात्रा लंबी है, पर यह औपनिवेशिक गुलामी के अंत की यात्रा है।

भारत तेज़ी से बदलाव की ओर अग्रसर है। एक एक करके गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति पाई जा रही है। अब अंग्रेजों के बनाए कानूनों को बदला जा रहा है। नए भारत में इसकी सख्त ज़रूरत है। न्यायिक सुधार व पुलिस सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए दंड संहिता में सुधार की आवश्यकता है। केंद्र सरकार ब्रिटिश साम्राज्य से आज़ादी के 76 वर्षों बाद अब अंग्रेजों के बनाए पुराने भारतीय दंड संहिता, 1860 (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता, 1898, 1973 (सीआरपीसी), व भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (एविडेंस एक्ट) को समाप्त करते हुए उनके स्थान पर तीन नए कानून- भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 व भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 लाने जा रही है। इनसे ना केवल दंड विधान का चेहरा बदलेगा, बल्कि 21वीं सदी के भारत की न्यायिक ज़रूरत भी पूरी होगी। 21वीं सदी के भारत को 19वीं सदी के कानूनों व विधानों से नहीं चला सकते हैं। भारत के नागरिकों के सम्मान, स्वाभिमान, स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करना ज़रूरी है।

दंड व साक्ष्य विधान में सुधार के लिए, लाए जा रहे कानूनों के अमल में आने के बाद हमें अनेक बदलाव देखने को मिलेंगें। सबसे बड़ा बदलाव तो यह दिखेगा कि 'राजद्रोह' कानून निरस्त हो जाएगा। अब 'देशद्रोह' का प्रावधान किया गया है। 'राजद्रोह' ब्रिटिश काल का शब्द है। राजद्रोह की सुप्रीम कोर्ट, बहुत आलोचना कर चुकी है। धारा-150 के तहत राष्ट्र के खिलाफ कोई भी कृत्य, चाहे बोला हो या लिखा हो, या संकेत या तस्वीर या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया हो, तो न्यूनतम 7 साल से उम्रकैद तक की सजा संभव होगी। अभी आईपीसी की धारा 124-ए में राजद्रोह के लिए 3 साल से उम्रकैद तक सजा है। 'आतंकवाद' शब्द को भी परिभाषित किया गया है। सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियों, अलगाववादी गतिविधियों या भारत की संप्रभुता या एकता व अखंडता को खतरा पहुंचाने वाली गतिविधि के लिए नए प्रावधान जोड़े गए हैं। सरकार के खिलाफ नफरत, अवमानना, असंतोष पर दंडात्मक प्रावधान नहीं होंगे, लेकिन राष्ट्र के खिलाफ कोई भी गतिविधि दंडनीय होगी। धारा-377 को पूर्ण रूप से हटाकर समलैंगिकता व सहमति या गैर-सहमति से हुए अप्राकृतिक संबंधों को वैध घोषित कर दिया जाएगा। शादी, रोजगार, प्रमोशन, झूठी पहचान आदि के झूठे वादे के आधार पर यौन संबंध बनाना अपराध होगा। गैंगरेप के लिए 20 साल की कैद या आजीवन जेल की सजा होगी। नस्ल, जाति, समुदाय आदि के आधार पर पांच या अधिक लोगों द्वारा मॉब लिंचिंग के लिए न्यूनतम सात साल की कैद या आजीवन कैद या मृत्युदंड की सजा होगी। बच्चों को अपराध में शामिल करने पर कम से कम 7-10 साल की सजा होगी। चोरी, सेंध लगाने जैसे कम गंभीर मामलों में संक्षिप्त सुनवाई यानी समरी ट्रायल अनिवार्य कर दिया गया है। पहली बार छोटे-मोटे अपराधों (नशे में हंगामा, 5 हज़ार से कम की चोरी) के लिए 24 घंटे की सज़ा या एक हज़ार रुपये जुर्माना या सामुदायिक सेवा करने की सज़ा हो सकती है। अभी ऐसे अपराधों पर जेल भेजा जाता है। अमेरिका, ब्रिटेन में ऐसे ही कानून हैं।



चूंकि आज नई तकनीकों का इस्तेमाल बढ़ा है। इसे देखते हुए साक्ष्य अधिनियम में बड़े बदलाव होंगे। अब 'दस्तावेज़' का मतलब इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड, ईमेल, सर्वर लॉग, कंप्यूटर में फाइलें, स्मार्टफोन/लैपटॉप संदेश; वेबसाइट, लोकेशन डाटा; डिजिटल उपकरणों पर मेल संदेश शामिल हो जाएंगे। एफआईआर, केस डायरी, चार्जशीट व फैसलों का डिजिटलीकरण ज़रूरी कर दिया गया है। इसमें सम्मन और वॉरंट जारी करना, तामील करना, शिकायतकर्ता और गवाहों की जांच, साक्ष्य की रिकॉर्डिंग, मुकदमेबाजी और सभी अपीलीय कार्यवाही शामिल हैं। थानों व अदालतों में ईमेल के रजिस्टर होंगे। पुलिस की ओर से किसी भी संपत्ति की तलाशी व ज़ब्ती अभियान की वीडियो रिकॉर्डिंग आवश्यक होगी। रिकॉर्डिंग बिना किसी देरी के संबंधित मजिस्ट्रेट को भेजी जाएगी। अब नागरिक देश में कहीं भी एफआईआर दर्ज करवा सकेंगे। इसमें संबंधित धाराएं भी जुड़ेंगी। अब तक ज़ीरो एफआईआर में धाराएं नहीं जुड़ती थीं। 15 दिन में ज़ीरो एफआईआर, संबंधित थाने को भेजनी होगी। हर ज़िले में पुलिस अधिकारी, गिरफ्तारी से पहले परिवार को प्रमाण पत्र देगा कि वे गिरफ्तार व्यक्ति के लिए ज़िम्मेदार हैं। जानकारी ऑनलाइन व व्यक्तिगत देनी होगी। एफआईआर से फैसले तक सब ऑनलाइन, डिजिटल रिकॉर्ड्स को वैधता देने से लेकर, कोर्ट के फैसले तक पूरा सिस्टम डिजिटल व पेपरलेस होगा। सर्च व ज़ब्ती की वीडियो ग्राफी होगी। जांच फोरेंसिक विज्ञान पर आधारित होगी।

गृह मंत्री अमित शाह ने इस मानसून सत्र के दौरान 11 अगस्त को लोकसभा में 163 साल पुराने आईपीसी, सीआरपीसी व एविडेंस एक्ट; में बदलाव के लिए तीन बिल पेश किए हैं। नए विधेयकों के मुताबिक, आईपीसी में 511 धाराएं हैं, जो अब 356 ही बचेंगी। 175 धाराओं में परिवर्तन किया गया है। 8 नई धाराएं जोड़ी जाएंगी, 22 धाराएं खत्म होंगी। इसी तरह सीआरपीसी में 533 धाराएं बचेंगी। 160 धाराएं बदलेंगी, 9 नई जुड़ेंगी, 9 खत्म होंगी। पूछताछ, इनक्वायरी से ट्रायल तक वीडियो कॉन्फ्रेंस से करने का प्रावधान होगा, जो पहले नहीं था। अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल में देना होगा। अब 180 दिन में चार्जशीट, ट्रायल के बाद 30 दिन में फैसला, पुलिस को 60 दिन में आरोप पत्र दाखिल करना होगा। कोर्ट इसे 90 दिन बढ़ा सकेगी। फैसला एक सप्ताह के भीतर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। सभी अदालतें 2027 तक कंप्यूटरीकृत होंगी।

सरकारें सज़ा में छूट का सियासी इस्तेमाल ना कर सके, इसलिए अब मौत की सज़ा, सिर्फ आजीवन कारावास और आजीवन कारावास को 7 साल तक की सज़ा में बदला जा सकेगा। चुनाव में मतदाता को रिश्वत देने पर एक साल की कैद की सजा होगी। पहली बार अपराध करने वाले व्यक्ति को कुल कारावास का एक-तिहाई समय जेल में बिताने पर ज़मानत दे दी जाएगी। 'फरार' घोषित अपराधी के बगैर भी मुकद्दमा चल सकेगा। इससे जघन्य अपराधियों के ट्रायल संभव होंगे। सिविल सर्वेंट्स पर मुकदमा चलाने के लिए 120 दिन के भीतर अनुमति देनी होगी। तीनों बिलों को संसद की स्थाई कमेटी के पास भेजा गया है। अभी इन बिलों की कानूनी यात्रा लंबी है, पर यह औपनिवेशिक गुलामी के अंत की यात्रा है। सारांशार्थ यह कहना उचित होगा कि प्रजातंत्र में सिविल या फौजदारी कानून, जनता के अधिकारों व 'सिविल चार्टर' के रूप में होना चाहिए। यद्यपि कि समय-समय पर आईपीसी, सीआरपीसी, एविडेंस एक्ट में कुछ संशोधन हुए हैं, परन्तु अभी तक ये उपनिवेशवादी कानून, मानवाधिकारों का हनन व शोषण कर रहे थे। ये नव समावेशी कानून, आज़ादी के अमृत-काल में, संविधान के अनुसार, मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रशंसनीय व प्रोग्रेसिव निर्णय है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनैतिक विश्लेषक, सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण व परोपकारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

ग्लोबल बिजनेस ट्रेंड
भूपेंद्र भारतीय



# चीन छोड़ रही बड़ी कंपनियां

भारत में पिछले छः वर्ष का सबसे बड़ा निवेश इस वर्ष की तिमाही में ही आ गया है। 2023 में अब तक 1. 47 हजार करोड़ रुपये का विदेशी निवेश शेयर बाजार में आ चुका है, जो पिछले 6 साल से ज्यादा है। इनमें अभी 9 अरब डॉलर मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आ चुके थे। इसकी बड़ी वजह है कि दुनिया सप्लाई के लिए चीन पर निर्भरता घटाना चाहती है। इसलिए बड़ी कंपनी वहां से निकल रही है। विदेशी निवेशक अगले 10 साल में चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर ज्यादा आशान्वित नहीं है। वे भारत में भविष्य देख रहे हैं, इनमें अमेरिकी और यूरोपीय निवेशक भी है। विदेशी निवेशकों ने मई में चीन के बाजारों से 17.1 अरब डॉलर के शेयर बेचे। पिछले साल मई में ही है आंकड़ा 65. 9 करोड डॉलर था। इस स्थिति के पीछे कम्युनिस्ट पार्टी का व्यापारियों व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रति दबाव की नीति व चीन में आर्थिक क्षेत्र में लोकतांत्रिक मूल्यों का भारी आभाव प्रमुख कारण है। इसलिए ना सिर्फ कोविड महामारी के समय से ही बल्कि उसके बाद अब तक कम्युनिस्ट चीन से कंपनियां भाग रही हैं। वहीं बहुराष्ट्रीय कंपनियों का चीन से भागना चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की सरकार को कितना अखर रहा है, वह इस नुकसान की भरपाई करने व अपनी सरकार के निरंकुश तंत्र को अच्छा दिखाने के लिए अपने मीडिया में खबरें चलाता है, जिसका उदाहरण चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स के संपादकीय से लिया जा सकता है। विगत दिनों ग्लोबल टाइम्स लिखता है- 'अब इसमें तनिक भी शक की गुंजाइश नहीं कि चीन अब आर्थिक प्रगति की राह पर लौट आया है और वह फिर से वैश्विक पटल पर एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित हो रहा है, ऐसे में यह देखना विचित्र लगता है कि कुछ विदेशी कंपनियां अपने आर्थिक फैसले, धारा के विपरीत ले रही हैं।' यही नहीं लिविंगस्टोन ने यहां तक कहा कि हम एक दशक से यह ट्रेंड देख रहे हैं कि चीन से निकलकर कंपनियां मैक्सिको और वियतनाम आदि देशों में जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वे इलेक्ट्रानिक चिप के बिजनेस को भी चीन से बाहर जाते देख रहे हैं, क्योंकि पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह से चीन ने कोविड के दौरान फोन से लेकर कार तक की इलेक्ट्रानिक चिप की आपूर्ति पर रोक लगा दी थी।

चीन से अब इलेक्ट्रानिक्स चिप की कंपनियां अपना बोरिया बिस्तर समेट रही हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित कंपनी एप्पल ने इस काम को पहले कर दिया। इसके अलावा गूगल, अमेजन, सैमसंग व वोल्वो ने भी चीन से निकलना शुरू कर दिया है। चीन इस समय न केवल इलेक्ट्रोनिक्स, बल्कि परिधान, फुटवियर, फर्नीचर और ट्रेवेल गुड्स का बिजनेस भी खो रहा है। अमेरिकन एंटरप्राइजेज इंस्टीट्यूट के सीनियर फेलो डेरेक स्कीजर्स का कहना है कि कमजोर होती चीनी अर्थव्यवस्था, कोविड के कड़े नियम, बदले की कारवाई के तहत व्यापार संबंधी प्रतिबंध और कम्युनिस्ट चीन की कई मोर्चों पर युद्ध जैसी स्थिति के बाद चीन में अब बिजनेस करना काफी कठिन हो गया है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों का चीन से मोह भंग एक दिन में नहीं हुआ है। कम्युनिस्ट चीन में इसकी एक दल व एक व्यक्ति की सरकार द्वारा मानवाधिकार का हनन, बौद्धिक संपदा की चोरी, व्यापार पर कई प्रकार के प्रतिबंध, बाजार में मनमाफिक घालमेल और कंपनियों के बोर्ड में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों का अनिवार्य प्रवेश ये सब बाहर की कंपनियां लगातार झेल रही हैं और अब ये उनको नागवार गुजर रहा है। फिर चीन का लेबर मार्केट सिकुड़ रहा है। चीन का कामगार बुजुर्ग हो रहा है। गरीबी पर काबू पाने के बाद से चीन में मजदूरों का मिलना भी मुश्किल हो रहा है।

विश्व मीडिया के अनुसार स्वयं के द्वारा फैलाई गई कोविड महामारी के दौरान कठोर लॉकडाउन ने चीनी मजदूरों के पलायन को काफी बढ़ा दिया है। अमेरिकी इंवेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में कहा गया है कंपनियों के लिए भारत में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने के अनुकूल हालात हैं। मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक, दुनिया की बड़ी कंपनियां जोखिम कम करने और चीन,अमेरिका जैसे बड़े देशों की तकरार से बचने के लिए सप्लाई चेन में तब्दीली ला रही हैं। इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत, मैक्सिको और दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों को मिलेगा। जिसके चलते 8 साल में ही भारत में मैन्युफैक्चरिंग बेस तीन गुना तक हो सकता है। आने वाले समय में भारत ढेर सारे वस्तुओं का निर्माण ( मैन्युफैक्चरिंग) करेगा। इससे पहले जब ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध शुरू हुआ था, तो कई अमेरिकन कंपनियां चीन छोड़कर दूसरे देशों में जाने लगीं। इनमें से कई कंपनियों ने भारत में अपने दफ्तर खोले। भारत के लिए नए मौके हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित
दर्शन

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ।

## मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित
प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहाँ से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडों को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर-भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नहीं। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी कि मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### चांद तक कामयाब होता भारत

इस साल 14 जुलाई को हमारे देश के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा तक टैकनोलॉजी पहुंचा कर वहां की जानकारी हासिल करने और विज्ञान में चंद्रमा को और समझने के लिए चंद्रयान-3 मिशन शुरू किया था। यह मिशन तेजी से चांद की ओर बढ़ रहा है। उम्मीद है कि निधार्रित समय इसी साल 23 अगस्त तक यह मिशन पूरा हो जाएगा। हमारे देश के मिसाइलमैन पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम ने एक नाकामयाब अंतरिक्ष मिशन का उदाहरण देते हुए कहा था कि कैसे उनका रॉकेट पागल होकर ऑर्बिटर में जाने की जगह कहीं और पहुंच गया था। ऐसा उदाहरण उन्होंने शायद इसलिए दिया था कि उन्होंने भी अंतरिक्ष अभियानों में असफलता का सामना किया था। बहरहाल पिछली विफलता से सबक लिए जाने की संभावना है।

*- सुरेश काले, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### नारी का सम्मान



एक कहावत है, हर सफल आदमी के पीछे एक महिला होती है। इस कहावत की जगह आज यह कहा जाना चाहिए, हर सफल आदमी के साथ, एक महिला होती है'। ऐसी सोच के साथ ही, नारी की अस्मिता को मजबूत बनाना और नारी के आत्म-गौरव का सम्मान करना, संभव हो सकता है।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### जीवित देवता हैं नाग



मनुष्य के भीतर सभी सीमाओं से परे जाने की एक सहज लालसा होती है। वो अपने स्तर पर इसके लिए प्रयास भी करता रहता है। नाग एक जीवित देवता हैं जिन्हें बड़े पैमाने पर पर्सिव लाइफ तक पहुंच बिंदु के रूप में बनाया गया है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### जन्म दर में गिरावट



1968 के बाद से जापान की जनसंख्या में यह सबसे बड़ी गिरावट है। अमेरिकी जनसंख्या स्थिर हो रही है। चीन की प्रजनन दर निचले स्तर पर। सिंगापुर की जन्म दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिर गई। ब्रिटेन में जन्म दर 20 साल के निचले स्तर पर पहुंच गई।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### दिलों में जगह बना ली



अभी-अभी ओएमजी-2 देखी। शानदार, स्टाइलिश और हमारे समय की बहुत ही महत्वपूर्ण फिल्म। गजब की सहजता और अद्भुत सौंदर्यशास्त्र। हाउसफुल था। फिल्म ने दर्शकों के दिलों में जगह बना ली है।

-अनुपम खेर, अभिनेता

**मंज़िल उन्हीं को मिलती है , जिनके सपनों में जान होती है!! पंख से कुछ नहीं होता , हौसलों से उड़ान होती है!**

## करंट अफेयर

### निक्की हेली को डेमोक्रेट्स से मिल रहा समर्थन



दक्षिण कैरोलाइना की दो बार की पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली इकलौती उम्मीदवार हैं जिन्हें रिपब्लिकन सिद्धांतों तथा विचारधारा से कोई समझौता किए बगैर डेमोक्रेट्स के एक बड़े वर्ग का भी समर्थन मिल रहा है। उनके प्रमुख भारतीय-अमेरिकी मित्रों तथा उनके राष्ट्रपति अभियान के लिए चंदा देने वाले लोगों का ऐसा मानना है। हेली (51) रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति पद की इकलौती संभावित महिला उम्मीदवार हैं जिन्होंने 23 अगस्त को विस्कॉन्सिन में होने वाली पार्टी की 2024 की पहली प्राइमरी बहस में शामिल होने की अर्हता प्राप्त कर ली है। बुधवार को होने वाली बहस इस लिहाज से भी अलग होगी कि पहली बार भारतीय मूल के दो अमेरिकी - निक्की हेली तथा विवेक रामस्वामी किसी भी राजनीतिक दल की ओर राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए प्राइमरी बहस में शामिल होंगे। इस बहस का प्रसारण फॉक्स न्यूज पर किया जाएगा तथा रिपब्लिकन पार्टी की ओर से इसमें भाग लेने वाले अन्य संभावित उम्मीदवारों में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, फ्लोरिडा के गवर्नर आर डीसैंटिस, पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, दक्षिण कैरोलाइना के सीनेटर टिम स्कॉट, अरकंसास के पूर्व गवर्नर एशा हचिंसन तथा न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी शामिल हैं।

## ऑफ बीट

### पेड़ों, नदियों व पहाड़ों को मिल रहा कानूनी दर्जा

जैसे-जैसे पर्यावरणीय मुद्दों का पैमाना और गंभीरता अधिक स्पष्ट होती जा रही है, कानून निर्माता प्रकृति की रक्षा के लिए नए तरीके खोज रहे हैं।



इनमें से एक तरीका प्रकृति के तत्वों - पेड़ों, नदियों और पहाड़ों - को कानूनी अधिकार देना और लोगों को उनकी ओर से अदालत का रुख करने की अनुमति देना है। 2022 में, स्पेन में खारे पानी का लगून मार मेनोर यूरोप का पहला पारिस्थितिकी तंत्र बन गया जिसे एक कंपनी के समान सीमित कानूनी दर्जा दिया गया। इस बीच, जैव विविधता ह्रास को लेकर आयरलैंड में हाल में एक नागरिक सभा हुई। सभा ने संविधान में संशोधन कर उसमें प्रकृति के अधिकारों से संबंधित एक प्रावधान शामिल करने की सिफारिश की। ऐसा ही विचार 1970 की शुरुआत में भी पेश किया गया था, जब एक अमेरिकी कानूनी विद्वान क्रिस्टोफर स्टोन ने प्राकृतिक तत्वों के अधिकारों के धीरे-धीरे विस्तार पर बहस छेड़ दी थी। स्टोन जानते थे कि आज नहीं तो कल अमेरिकी उच्चतम न्यायालय इस मामले पर सुनवाई करेगा, जिसमें सिएरा क्लब नामक पर्यावरणीय संगठन ने सिकोइया राष्ट्रीय वन में स्की रिसॉर्ट के निर्माण पर रोक लगाने का अनुरोध किया था।

पंजाब से राज्यसभा सदस्य विक्रमजीत सिंह साहनी ने सदन में उठाया था मुद्दा

# लीबिया जेल से रिहा होने के बाद स्वदेश लौटे 17 युवक

## ट्रेवल एजेंटों ने की धोखाधड़ी, इटली में नौकरी का दिया लालच

एजेंसी ▶▶ त्रिपोली

उत्तरी अफ्रीकी देश से लौटने पर इन युवाओं के परिवार वालों ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। इस बीच कई लोगों को रोते हुए देखा गया। लीबिया पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने से पहले इन युवाओं को लीबिया के जवारा शहर में सशस्त्र समूह ने कई महीनों तक कैद में रखा था।

- इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापसी, हुआ स्वागत
- लीबिया पुलिस ने अवैध रूप से प्रवेश के आरोप में हिरासत में लिया
- पंजाब और हरियाणा के रहने वाले थे ज्यादातर युवा




लीबिया की त्रिपोली में फंसे 17 भारतीय युवक भारत लौटे। वे 21 अगस्त को अपने माता-पिता से मिले। बता दें कि उन्हें लीबिया पुलिस ने देश में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया था, इनमें से ज्यादातर युवा पंजाब और हरियाणा के हैं।

### ट्यूनीशिया में भारतीय दूतावास से संपर्क

साहनी ने सदन को बताया कि मामला मई में सामने आया था, जिसके बाद उन्होंने उन युवकों के बचाव के लिए ट्यूनीशिया में भारतीय दूतावास से संपर्क किया। उन्होंने कहा मेरा ऑफिस उन लड़कों और उनके परिवारों के साथ लगातार संपर्क में था। शुरुआत में हमारी चिंता उन्हें स्थानीय माफिया की कैद से बाहर निकालना था।

### भारत से इटली के लिए रवाना हुए थे युवक

साहनी ने कहा, "वे सभी फरवरी 2023 में दुबई और मिस्र के रास्ते भारत से इटली के लिए रवाना हुए। कुछ दिनों के बाद वे लीबिया में उतरे और जुवारा शहर में रहे, जहां उन्हें भोजन और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं भी नहीं दी गई। इतना ही नहीं उनके साथ मारपीट भी की गई।

### एजेंटों ने की थी आकर्षक नौकरी की पेशकश

उन्हें दिल्ली और पंजाब के कुछ ट्रैवल एजेंटों ने इटली में आकर्षक नौकरी की पेशकश की थी। नौकरी के लालच में आकर सभी युवा अवैध तरीके से लीबिया पहुंचे। इतना ही नहीं एजेंटों ने उनसे लाखों रुपये की ठगी भी की। इस मामले में जुलाई महीने में संसद के मानसून सत्र के दौरान पंजाब से राज्यसभा सदस्य विक्रमजीत सिंह साहनी ने सदन को बताया था कि इन युवाओं को पिछले महीने त्रिपोली जेल से रिहा किया गया था।

ब्रिक्स देशों के राष्ट्राध्यक्ष या सरकारी प्रमुख वर्चुअल नहीं, आमने- सामने से होंगे रूबरू, पुतिन नहीं होंगे शामिल

# ब्रिक्स न बने पश्चिमी देशों के विरोध का ठिकाना, भारत इस बिंदु का रखेगा ध्यान

## चीन-रूस की मंशा पर नज़र, सम्मेलन में हिस्सा लेने पीएम मोदी जाएंगे दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में होने वाला सालाना शिखर सम्मेलन ब्रिक्स का 15वां समिट होगा। भारत की ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें हिस्सा लेंगे। इसके पीएम मोदी 22 से 24 अगस्त के बीच जोहान्सबर्ग की यात्रा पर रहेंगे। ऐसे तो ब्रिक्स का हर सालाना शिखर सम्मेलन इसके सदस्यों के लिए कूटनीतिक तौर से महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इस बार का समिट कई वजहों से बेहद ख़ास है। उसमें भी भारतीय हितों के नजरिए से सोचें, तो भारत के लिए जोहान्सबर्ग समिट का मायने बढ़ जाता है।

### ब्रिक्स के संभावित विस्तार पर नजर

ब्रिक्स के 15वें समिट पर न सिर्फ़ इसके सदस्य देशों की निगाहें हैं, इस बार इस समिट पर पूरी दुनिया की नजर टिकी है। इसका कारण ब्रिक्स के संभावित विस्तार से जुड़ा पहलू है। पिछले कुछ सालों से ब्रिक्स को लेकर दुनिया में आकर्षण बढ़ा है। फिलहाल जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, ब्रिक्स में 5 सदस्य हैं। ब्रिक्स का हर लेटर इसके सदस्य देशों के नाम का पहला अक्षर है। इसमें ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन और दक्षिण अफ्रीका सदस्य हैं।

### ख़ास बातें

- जोहान्सबर्ग में हो रहा सालाना शिखर सम्मेलन ब्रिक्स का 15वां समिट
- ब्रिक्स समिट 2023 में सबकी नज़र इस समूह के विस्तार से जुड़े मसले पर होगी
- कूटनीतिक तौर से होता है महत्वपूर्ण




### मोदी-जिनपिंग होंगे आमने-सामने

समिट वर्चुअल नहीं हो रहा है और रूस को छोड़कर भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और चीन के राष्ट्र प्रमुख या सरकारी प्रमुख जोहान्सबर्ग में एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। ये भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग जोहान्सबर्ग आएंगे। बता दें पिछले 3 साल से वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर तनाव की वजह से भारत और चीन के रिश्ते काफी खराब हुए हैं। ऐसे में जोहान्सबर्ग में एक मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का मौजूद होना द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज़ से भी कूटनीतिक मायने रखता है। अगर ऐसा हुआ तो सीमा पर तनाव से बिगड़े रिश्ते में थोड़ी सुधार की गुंजाइश बढ़ सकती है।

### मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में कूटनीति

आज के वैश्विक व्यवस्था में अब ब्रिक्स की अहमियत काफी बढ़ गई है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद पूरी वैश्विक व्यवस्था में तीन तरह के कूटनीतिक सिद्धांतों का दबाव बनने लगा है। पहला अमेरिका समेत पश्चिम देशों का गुट है, इसमें यूरोप के विकसित देशों के साथ ही जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देश भी शामिल हैं। इस गुट की मंशा होती है कि वैश्विक व्यवस्था में उन नीतियों को ज्यादा से ज्यादा जगह मिले जिससे रूस और चीन जैसे देशों पर नकेल कसने में मदद मिले। वहीं दूसरा गुट रूस और चीन के साथ ही उसके समर्थन में रहने वाले देशों का है।

### ब्रिक्स सदस्यता को लेकर कई देशों की रुचि

दुनिया के कौन-कौन से देश ब्रिक्स की सदस्यता को लेकर ज्यादा उत्सुक हैं। 40 से ज्यादा देश सदस्यता हासिल करने में रुचि दिखा रहे हैं। ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कजाकिस्तान, इंडोनेशिया और अर्जेंटीना के साथ ही मिस्र, बांग्लादेश, क्यूबा, कांगो, कोमोरोस, गैबन और गिनी बिसाऊ भी ब्रिक्स की सदस्यता को लेकर ख़ास इच्छुक नजर आ रहे हैं। केपटाउन में जून की शुरुआत में हुई ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में इन देशों ने या तो अपने प्रतिनिधि भेजे थे या फिर वर्चुअल तरीके से शामिल हुए थे। इसके अलावा अल्जीरिया, बहरीन, बेलारूस, मैक्सिको, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, निकारगुआ, नाइजीरिया, जिम्बाब्वे, सेनेगल, सूडान, सीरिया, थाईलैंड, ट्यूनीशिया, तुर्किये, वेनेजुएला और उरुग्वे भी इसमें शामिल होने के लिए रूचि दिखा रहे हैं। ऐसे तो 40 से ज्यादा देश हैं।

### विस्तार के विरोध में नहीं है भारत

ब्रिक्स के विस्तार को लेकर 2020 से चर्चा तेज़ हुई है। रूस और चीन विस्तार को लेकर ख़ासे उत्साहित हैं। विस्तार को लेकर रूस और चीन दबाव भी बना रहे हैं। भारत ब्रिक्स के विस्तार के विरोध में नहीं है। भारत की चिंता का दो पहलू है। पहला विस्तार से ब्रिक्स समूह की प्रासंगिकता न केवल बरकरार रहे। दूसरा पहलू भारत के हितों से जुड़ा है। भारत ब्रिक्स के विस्तार को किसी ख़ास देश के एजेंडे का हिस्सा नहीं बनना देना चाहता है। अगस्त की शुरुआत में ही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ब्रिक्स विस्तार विरोधी अटकलों को निराधार, बेबुनियाद और मनगंढत बताया था। भारत बहुध्रुवीय दुनिया के पक्ष में है।

### चीन,रूस विस्तार को लेकर उतावले

चीन और रूस विस्तार को लेकर जिस तरह से उतावले दिख रहे हैं, उसमें इसकी संभावना बन सकती है कि ये दोनों ही देश विस्तार के बहाने ब्रिक्स को पश्चिमी देशों के विरोध का एक मंच या ठिकाना बना दे। ऐसे भी ब्रिक्स को लेकर लंबे वक्त से इस तरह की बातें होते रही हैं कि ये समूह वैश्विक व्यवस्था में दुनिया के सबसे मजबूत आर्थिक ताकतों के मंच जी 7 का प्रतिद्वंद्वी है। अब अगर अमेरिका और पश्चिमी देशों की नीतियों की खुलेआम आलोचना करने वाले ईरान जैसे मुल्कों को ब्रिक्स में जगह दे दी गई तो इस समूह पर पश्चिमी देशों के विरोध के लिए एक मंच होने का टैग लग सकता है। तो ब्रिक्स जैसी संस्था के विश्वसनीयता के लिहाज से उचित है।

### पश्चिमी देशों का विरोधी मंच न बने

भारत के लिए इस वक्त अमेरिका समेत यूरोप के तमाम देश बेहद महत्वपूर्ण हैं। वे चाहे जर्मनी हो या फ्रांस, चाहे ब्रिटेन गो या इटली और नीदरलैंड्स। साथ ही जापान और ऑस्ट्रेलिया इंडो पैसिफिक रीजन में भारत के लिए सामरिक महत्व रखने वाले देश हैं। भारत और अमेरिका की साझेदारी बेहद मजबूत हुई है। फ्रांस के साथ भी भारत का रक्षा सहयोग काफ़ी बढ़ा है। स्पष्ट तौर से कहें तो रूस की चीन के साथ बढ़ती नजदीकियों को देखते हुए रक्षा सहयोग के संदर्भ में अमेरिका और फ्रांस वर्तमान और भविष्य दोनों के लिहाज से भारत की रक्षा जरूरतों के लिए कूटनीति तौर से प्रासंगिक हैं। ब्रिक्स पर ऐसा कोई टैग लगे कि ये पश्चिमी देशों का विरोधी मंच है।




# मत्स्य पालन, जलीय कृषि को बढ़ाने के तरीके खोजने नार्वे पहुंचे केंद्रीय मंत्री

- डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला 21 अगस्त से 24 अगस्त तक नॉर्वे की यात्रा पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री परशोत्तम रूपाला एक प्रतिनिधिमंडल के साथ नॉर्वे की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य मत्स्य पालन, संसाधन प्रबंधन, अनुसंधान, नवाचार और व्यापार को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परशोत्तम रूपाला के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल एवं मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन के साथ 21 अगस्त से 24 अगस्त, 2023 तक नॉर्वे के दौरे पर हैं। उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी जा रहा है। इस चार दिवसीय यात्रा का उद्देश्य मत्स्य पालन और जलीय कृषि के क्षेत्र में भारत और नॉर्वे के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है।

### क्या है यात्रा का उद्देश्य?

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य मत्स्यपालन और जलीय कृषि के क्षेत्र में भारत और नॉर्वे के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है। यह प्रतिनिधिमंडल नॉर्वे में ट्रॉनहैम में 22 से 24 अगस्त तक होने वाली द्विवार्षिक जलीय कृषि प्रदर्शनी में भाग लेगा। इसके साथ ही व्यापार मेले, 'एक्वा नोर 2023' में भी भाग लेगा। जलीय कृषि प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए दुनिया के सबसे बड़े व्यापार शो में से एक है। यह प्रदर्शनी टिकाऊ और लाभदायक जलीय कृषि के लिए नए विकास और समाधान को प्रदर्शित करेगी। प्रतिनिधिमंडल विभिन्न नॉर्वेजियन कंपनियों के साथ बातचीत करेगा जिनके पास मछली पालन और जलीय कृषि के विभिन्न पहलुओं, जैसे मछली स्वास्थ्य, चारा, आनुवंशिकी, उपकरण, प्रसंस्करण और विपणन में विशेषज्ञता होती है।

### जलीय कृषि में निवेश की संभावना

नॉर्वे में प्रतिनिधिमंडल मत्स्य पालन और जलीय कृषि से संबंधित कुछ अत्याधुनिक सुविधाओं, जैसे मछली पकड़ने के जहाज, मछली पकड़ने के बंदरगाह, हैचरी, पिंजरे फार्म और समुद्री खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का भी दौरा करेगा। यह प्रतिनिधिमंडल नॉर्वेजियन अनुभव से सीखकर इन क्षेत्रों में सहयोग और निवेश की संभावनाओं का पता लगाएगा।

## खबर संक्षेप

### किमजोंग ने किया क्रूज मिसाइल का परीक्षण



**उत्तर कोरिया।** तानाशाह किम जोंग उन की मौजूदगी में नॉर्थ कोरिया ने क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। नेवी शिप से क्रूज मिसाइल को टेस्ट फायर किया गया। ये मिसाइल न्यूक्लियर वॉरहेड को ले जाने में सक्षम है। नॉर्थ कोरिया के क्रूज मिसाइल परीक्षण की जानकारी उस समय आई है, जब अमेरिका और साउथ कोरिया अपना सालाना युद्धाभ्यास कर रहे हैं। इस युद्धाभ्यास को नॉर्थ कोरिया हमले की तैयारी के तौर पर देख रहा है।

किशोरों में सहमति से संबंधों को दुष्कर्म न मानने की मांग

# सुप्रीम कोर्ट में दायर की अर्जी संगठनों को जारी किया नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में किशोरों में सहमति से यौन संबंध को अपराध न मानने की मांग से जुड़ी अर्जी दायर हुई है। इस पर कोर्ट ने केंद्र से रुख पूछा है। इसे आमतौर पर रोमियो और जूलिएट कानून कहा जाता है, जो दुनिया के कई देशों में लागू है। याचिका में दावा किया गया है कि किशोर (18 साल से कम उम्र के) अपनी मर्जी से शारीरिक संबंध बनाते हैं, पर कानूनी तौर पर ये अपराध है। ये दुष्कर्म की श्रेणी में आता है। कानून के मुताबिक, कई मामलों में लड़का तब सजा का हकदार बनता है।



### जनहित याचिका में क्या है?

वकील हर्ष विभोर सिंघल ने दायर की है। नाबालिगों के बीच यौन संबंधों के मामले में दुष्कर्म से जुड़े कानून को चुनौती देती है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय महिला आयोग, कानून और न्याय मंत्रालय, गृह मंत्रालय को नोटिस जारी किया है। मांग की गई है कि संविधान के अनुच्छेद 32 या अनुच्छेद 142 में दिए गए अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ऐसे निर्देश जारी करे।

यूपीआई से किया पेमेंट, जी-20 बैठक में हुए थे शामिल

# जर्मन मिनिस्टर ने बेंगलुरु के मार्केट में खरीदी सब्जी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

जर्मनी के डिजिटल एंव परिवहन मंत्री वोल्कर विसिंग ने रविवार को बेंगलुरु के एक मार्केट में सब्जी खरीदी। उन्होंने मोबाइल से यूपीआई के जरिए पेमेंट किया। भारत में जर्मन दूतावास ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर किया। दूतावास ने इसके कैप्शन में लिखा- भारत की सफलता की कहानी में से एक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर है। भारत के लाखों लोग इस्तेमाल करते हैं। परिवहन मंत्री विसिंग ने भी इसका इस्तेमाल किया, वे बहुत खुश थे।



### यूजर्स ने थैंक्यू कहा

अब सोशल मीडिया पर जर्मनी के मंत्री का वीडियो वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स रिएक्शन भी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- भारत की डिजिटल आर्थिक क्रांति का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद। एक अन्य यूजर ने लिखा कि यह जर्मनी में जर्मन व्यापारियों और दुकानदारों के लिए एक सौगात होगा। जर्मनी यूपीआई प्लेटफॉर्म में कब शामिल हो रहा है?

केंद्र सरकार ने जारी किया मसौदा

# ई-वेस्ट की तरह अब इस्तेमाल किए गए इंजन ऑयल को फेंकना या जलाना पड़ेगा भारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जल और वायु प्रदूषण के लिए प्रयुक्त हो चुका इंजन ऑयल (यूज्ड लुब्रिकेंट) जिस तरह से एक बड़ा खतरा बन गया है, उसे देखते हुए केंद्र सरकार ने अब ई-वेस्ट की तरह इसके संग्रहण और री-साइकलिंग को लेकर सख्ती की तैयारी में है, जिसमें इसे खुले में फेंकना व जलाना महंगा पड़ेगा।

ऐसा करने वालों के खिलाफ भारी जुर्माने सहित आपराधिक कार्रवाइयां भी हो सकती है। फिलहाल इसे लेकर मसौदा तैयार कर लिया गया है। जिसके तहत एक अप्रैल 2024 से इससे जुड़े नियमों को प्रभावी तरीके से लागू करने की तैयारी है।

### इंजन ऑयल बड़े पैमाने पर करता है पानी दूषित


प्रयुक्त इंजन ऑयल के संग्रहण और री-साइक्लिंग को लेकर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने यह तेजी तब दिखाई है, जब देश में इस्तेमाल में लाए जाने वाले इंजन ऑयल के सिर्फ दस प्रतिशत हिस्से का संग्रहण और री-साइक्लिंग हो पा रहा है, बाकी 90 प्रतिशत हिस्सा इस्तेमाल में लिए जाने के बाद या तो खुले में फेंक दिया जाता है या फिर जला दिया जाता है। ऐसे में खुले में फेंका गया यह इंजन ऑयल जमीन में अवशोषित होकर भूमिगत जल में मिल जाता है या नालियों-नालों के जरिए बहकर नदियों में पहुंच जाता है जो ताजे या स्वच्छ पानी में घुलकर इसे प्रदूषित कर रहा है।

### एक लीटर यूज्ड इंजन ऑयल से दस लाख लीटर पानी हो सकता है दूषित

एक रिपोर्ट के मुताबिक एक लीटर यूज्ड इंजन ऑयल दस लाख लीटर ताजे पानी को दूषित कर सकता है। जिससे पचास लोगों के लिए एक वर्ष तक जलापूर्ति हो सकती है। वैसे भी इनमें गंदगी सहित बेंजीन,सीसा, जस्ता और कैडमियम जैसे जहरीले पदार्थ पानी में घुलकर जो मानव जीवन व जलीय जीवों के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकते है। वहीं, इसके जलाने से वायु प्रदूषण को भी बड़ा खतरा है।

### देश में तीन बिलियन लीटर होता है इंजय ऑयल का उत्पादन

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से जुड़ी रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा समय में देश में हर साल करीब तीन बिलियन लीटर इंजन ऑयल का उत्पादन होता है, जिसमें से मौजूदा समय में करीब 10 प्रतिशत ही



संग्रहित या फिर रीसाइक्लिंग हो पाता है और बाकी फेंक दिया जाता है। ऐसे में समय रहते यदि इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले दिनों में लोगों को स्वच्छ पीने का पानी भी नहीं मिलेगा। मौजूदा समय में देश में भूमिगत जल, तालाब व नदियां ही पेयजल के बड़े स्त्रोत है।

### मसौदा के तहत 60 प्रतिशत ऑयल को किया जाएगा संग्रहीत

फिलहाल मंत्रालय ने इस चुनौती से निपटने के लिए जो मसौदा तैयार किया है, उसके तहत देश में हर साल उत्पादित होने वाले इंजन ऑयल की 60 प्रतिशत हिस्सा संग्रहीत किया जाएगा व बाद में उसे रीसाइकल भी किया जाएगा। हालांकि, शुरूआत में इस लक्ष्य को उत्पादित होने वाले इंजन ऑयल का सिर्फ दस प्रतिशत ही रखा गया है, जिसमें हर साल दस प्रतिशत का इजाफा होगा।

### उत्पादन करने वाली कंपनी की होगी रीसाइक्लिंग की जिम्मेदारी

इसे लेकर प्रस्तावित नियमों के तहत इनके संग्रहण व रीसाइक्लिंग की जिम्मेदारी भी ई-वेस्ट से जुड़े नियमों की तरह उत्पादित करने वाली कंपनी की होगी। जिसे हर साल उत्पादन की मंजूरी के साथ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी ) के पास निर्धारित मात्रा के यूज्ड ईंजन ऑयल के रीसाइक्लिंग का सर्टीफिकेट जमा कराना होगा। ऐसा न करने पर उनके उत्पादन पर रोक के साथ ही भारी जुर्माना और जेल जैसी कार्रवाइयों का भी सामना करना होगा। इसके साथ ही इस पूरी व्यवस्था में उत्पादक के साथ आयातक और संग्रहण एजेंट, री-साइक्लर आदि की भी जवाबदेही तय की गई है।

यूथ-20 शिखर सम्मेलन में रोजगार, उद्योग, साझा भविष्य, जलवायु

देश-विदेश के कुल 125 प्रतिनिधियों ने लिया भाग

# युद्ध रहित युग की शुरुआत, जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सहमति

जी20 के अहम भाग के रूप में काम कर रहे यूथ 20 शिखर सम्मेलन का आयोजन वाराणसी में हुआ था। यहां देश-विदेश के कुल 125 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

भारत को बीते वर्ष जी-20 की अध्यक्षता इंडोनेशिया ने सौंपी थी। इस दिन से भारत ने अध्यक्षता संभाली है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों में से एक अहम कार्यक्रम है यूथ 20 शिखर सम्मेलन। हाल ही में यूथ 20 शिखर सम्मेलन 17 अगस्त से उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किया गया था जिसका समापन सत्र 20 अगस्त को हुआ। यूथ 20 शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत के जी20 प्रेसीडेंसी के तहत युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा किया गया था।

- युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा शिखर सम्मेलन आयोजित
- फ्यूचर ऑफ़ वर्कः इंडस्ट्री 4.0, नवाचार और 21वीं सदी के कौशल

### इंडोनेशिया ने सौंपी थी भारत को बीते वर्ष जी-20 की अध्यक्षता



### यह हुए शामिल

भारत की अध्यक्षता में जी20 के समग्र ढांचे के हिस्से के रूप में यूथ 20 ने दुनिया के लिए नए मील के पत्थर स्थापित किए हैं। सम्मेलन में जी20 देशों, अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लगभग 125 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### प्रतिनिधियों ने काशी के किए दर्शन

4 दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रतिनिधियों ने दौरान सारनाथ, प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा घाट का दौरा किया। वाराणसी की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत; इसकी आध्यात्मिकता, साहित्य ने प्रतिनिधियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# रेडी, सेट, प्ले: स्कूलों, एथलीटों और प्रशिक्षकों ने 2023 एसएफए चैंपियनशिप के लिए पंजीकरण कराया

## एसएफए चैंपियनशिप का पहला संस्करण जयपुर में 9 अक्टूबर से शुरू होगा




चमकता राजस्थान

जयपुर, 21 अगस्त, 2023: भारत के प्रमुख टेक-एनेबल्ड मल्टी-स्पोर्ट्स प्रतियोगिता मंच, स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) द्वारा 9 अक्टूबर, 2023 को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में चैंपियनशिप की शुरुआत की जाएगी। चैंपियनशिप की घोषणा के कुछ ही दिनों के भीतर, करीब 250 स्कूलों ने जयपुर एसएफए चैंपियनशिप के पहले संस्करण के लिए अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। एथलेटिक्स की तेज गति से लेकर शतरंज की रणनीतिक प्रतिभा तक, गुलाबी शहर जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में भारत की सबसे बड़ी बहु-खेल स्कूल-स्तरीय प्रतियोगिता का गवाह बनेगा, जहां 30 खेलों में एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे।

राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल के चीफ स्पोर्ट्स ऑफिसर, श्री वीरेंद्र सिंह पूनिया ने कहा, "हमें अपने शहर में एसएफए चैंपियनशिप का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है और हम भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के प्रयास की सराहना करते हैं। यह जयपुर में खेलों के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ स्कूल की पहचान करने और भारत के भविष्य के पदक विजेताओं के लिए मंच तैयार करने की यात्रा की शुरुआत है। जयपुर में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और कई सरकारी पहलों के साथ ये चैंपियनशिप हमारे युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए सही मंच प्रदान करेगी। यह अनूठा अवसर जयपुर से कई और खेल दिग्गजों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। हम जयपुर में एसएफए चैंपियनशिप को अपना समर्थन देते हैं।''

जयपुर के स्कूल और व्यक्तिगत एथलीट अब www.sfaplay.com पर एसएफए चैंपियनशिप के 2023 के पहले संस्करण के लिए पंजीकरण कर सकते हैं और आयु सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन खेलों का चयन कर सकते हैं जिनमें वे भाग लेना चाहते हैं। स्कूलों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को इसे युवा एथलीटों के लिए एक ऐसा शानदार मंच मानना चाहिए जहाँ से वो अपनी प्रतिभा की चमक बिखेर सकेंगे, उन्हें खेलने की प्रेरणा मिलेगी, स्वस्थ, सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा और उत्कृष्टता की ओर उनकी यात्रा शुरू करने का बेहतरीन मौका मिलेगा।

स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, राजस जोशी ने कहा, "अत्याधुनिक तकनीक और मनमोहक दृश्य सामग्री के मिश्रण से, एसएफए चैंपियनशिप युवा एथलीटों को ओलंपिक जैसा मंच प्रदान करेगी, जिससे पेशेवर स्तर पर खेल के प्रति उनके जुनून को बल मिलेगा। हमारा लक्ष्य भारत में स्कूली खेलों में क्रांति लाना और भविष्य के चैंपियनों के उभरने का मार्ग प्रशस्त करना है। हम जिस भी शहर में जाते हैं, हमारा लक्ष्य धीरे-धीरे एसएफए चैंपियनशिप को भविष्य के पदक विजेताओं के लिए उपयुक्त अवसर प्रदान करना है। हमारा अंतिम लक्ष्य "स्पोर्ट्स फॉर ऑल" के सार को मूर्त रूप देना है - अर्थात् ऐसा एकीकृत मंच प्रदान करना है जिससे जीवन के सभी क्षेत्रों के चैंपियनों को सशक्त बनाया जा सके।"

अपनी तरह की पहली खेल प्रतियोगिता में एसएफए चैंपियनशिप स्कूली छात्रों के लिए सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित होगी, जहाँ उनके लिए पेशेवर बुनियादी ढांचे और उपकरण, खेल संघों के माध्यम से प्रमाणित मैच अधिकारी और रेफरी, पूरी तरह से सुसज्जित मेडिकल स्टेशन, फिजियोथेरेपिस्ट, विस्तृत आँकड़े, विश्लेषण और मैच वीडियोग्राफी के लिए डिजिटल रूप से एकीकृत प्रणाली के साथ क्लीनिक और कार्यशालाएँ उपलब्ध होंगी।।

इस साल, एसएफए ने 4 महीने की अवधि में 10 एसएफए चैंपियनशिप के माध्यम से 2 लाख एथलीटों को खेलने के लिए प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया है। सरकार की सोच के अनुरूप, एसएफए ने 2015 में अपनी स्थापना के बाद से देश में सार्वजनिक और निजी खेल पहल को सक्षम करने पर ध्यान केंद्रित किया है। 36वें नेशनल गेम्स, गुजरात, 2022 और खेलो इंडिया यूथ गेम्स, हरियाणा, 2021 एसएफए के टेक आईपी गेम्स मैनेजमेंट सिस्टम (जीएमएस) द्वारा संचालित थे। इसके अतिरिक्त, 2023 में, एसएफए ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, मध्य प्रदेश संस्करण के लिए 5-वर्षीय प्रायोजक के रूप में हस्ताक्षर किए।

# जिस सरकार की गारंटी नहीं, वह दे रहे हैं, गारंटी का वादा : सीपी जोशी



चमकता राजस्थान

जयपुर, 21 अगस्त। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विजन एवं मिशन पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का ना कोई विजन, ना कोई मिशन, अपनी सरकार की विफलताओं को छिपाने का एक मात्र ढोंग। जनता ने आपको 2018 में मिशन 2023 दिया था, जिसमें आपकी सरकार का रिपोर्ट कार्ड शून्य है। इस समयावधि में आपने प्रदेश को विकसित करने के लिए क्या कार्य किए? जनता आपकी सरकार के कार्यों की असलियत को जानती है। अपनी सरकार की विफलताओं को छिपाने और प्रदेश की जनता को भ्रमित करने के लिए ऐसी बात कर रहे हैं।

अगर प्रदेश की कांग्रेस सरकार के 5 वर्षों के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड बनाया जाए तो महिला अपराध और दुष्कर्म में प्रदेश को नंबर एक बनाने का काम, दलित अत्याचार में प्रदेश को नंबर एक बनाने का काम, माफियाओं के द्वारा युवाओं की नौकरियों को बेचने का काम, किसानों से धोखेबाजी, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, महंगाई, पेपर लीक, खनन माफिया की मनमानी जैसी नकारात्मक उपलब्धियां ही नजर आएंगी।

प्रदेश के लोगों को सवा चार साल अपनी थोथी घोषणाएं, तुगलकी फरमान, महंगाई से त्रस्त करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार अंतिम समय में जनता के लिए राहत कैंप लगाती है और उम्मीद करती है कि उसे पुनः अगले 5 वर्षों के लिए सत्ता मिल जाए, उसे नैतिक रूप से ऐसी बातें करने का अधिकार नहीं है।

# झाड़ू की आड़ में मादक पदार्थ की तस्करी

## सीआईडी की सूचना पर चित्तौड़गढ़ पुलिस ने लोडिंग टेंपो से 485 किलो अफीम डोडा पोस्त किया जप्त



चमकता राजस्थान

जयपुर 21 अगस्त। पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच स्पेशल टीम की सूचना पर चित्तौड़गढ़ जिले में थाना निंबाहेड़ा कोतवाली पुलिस द्वारा लोडिंग टेंपो से 485 किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा पोस्त जब्त किया है। टेंपो में झाड़ू की आड में मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही थी।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री दिनेश एमएन ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच जयपुर की सोमवार को यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। कांस्टेबल गोपाल धाबाई व विजय सिंह की सूचना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत मय टीम द्वारा विकसित की गई।

सूचना पुख्ता होने पर एसएचओ निंबाहेड़ा कोतवाली से साझा की गई। इसके बाद स्थानीय थाना पुलिस ने अरनिया माली गांव के पास नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू की। सूचना के अनुसार एक सन्दिग्ध लोडिंग टेंपो नाकाबंदी स्थल से कुछ दूर पहले रुक गया। उसमें सवार दो व्यक्ति टैम्पो से उतर कर भाग गये।

भागे तस्करों का पुलिस ने काफी दूर पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। टेंपो की तलाशी में 25 कट्टों में भरा 485 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा पोस्त बरामद किया गया। जिसे थाना पुलिस ने लोडिंग टेंपो समेत जप्त कर लिया। फरार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

इस कार्रवाई में क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा, राम निवास व कमल सिंह एवं कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, गोपाल लाल, विजय सिंह और चालक विश्राम की विशेष भूमिका रही है।

# मां गुमाणो वीजासन देवी सेवा समिति करणपुर गंगापुर सिटी बालो की ओर से श्रीमद्भागवत का शुभारंभ



चमकता राजस्थान

बालेर /विशाल अग्रवाल,करौली जिले के मां गुमाणो वीजासन देवी सेवा समिति करणपुर गंगापुर सिटी बालो की ओर पहलीबार चुम्बकीय शक्ति के नाम से प्रसिद्ध गुमाणो देवी मंदिर परिसर में सोमवार से श्रीमद्भागवत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।कथा से पहले 251 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली गई। पंडित द्वारा विधि विधान के साथ कलशो का पूजन कराया गया। कलश यात्रा की बंदरीन के कुआ वालें हनुमान मंदिर से शुरुआत हुई और वस स्टेन्ड होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। डीजे की धुन व आतिशबाजी के साथ कलश यात्रा में महिलाएं रंग विरंगे परिधानो में अपने सिर पर मंगल कलश लेते हुए मंगल गीत गाती हुई चली थी। याया में धीरज शर्मा लूलोज अपने सिर पर भागवत पोथी व उनकी घर्म पत्नी प्रभा देवी प्रधान कलश लेकर चल रही थी।बजरंग बली की ध्वज को दिनेश चंद धौलेटा समिति अध्यक्ष, एवं सबसे आगे मुख्य धर्म ध्वज को समिति के संयोजक कमलेश कुमार शर्मा लेकर चल रहे थे और पीछे घोडी पर सवार होकर कुंज विहारी शास्त्री वृद्धावन चल रहे थे। जगह जगह लोगों ने कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कुंज विहारी शास्त्री वृद्धावन ने अपने प्रवचन में कहा कि भक्त का हदय सागर के समान विशाल होता है। भगवान अपने भक्तो की रक्षा के लिए सदैव आते है। मनुष्य को अपने काम काज में से थोडा समय प्रभू के भजन के लिए निकालना चाहिए।इस दौरान कैलाश गुप्ता सैमरदा,शिवचरण गुप्ता एलआई,मुरारी लाल पंडित,घनश्याम गुप्ता सैमरदा,महेश पत्रकार, विनोद बंसल,गोविंद मिल्की,कैलाश छावा,ओमप्रकाश एसडीआई,सीताराम मलारना,गोपाल सोनी,देवी के भगत राधेश्याम गोठिया,रूपचन्द मित्तल,घनश्याम नावता,नथुआ भगत आदि मौजूद रहे।

# साढ़े तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी 60 वर्षीय वृद्ध गिरफ्तार



चमकता राजस्थान

केकड़ी 21 अगस्त। थाना सरवाड़ क्षेत्र में साढ़े 3 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना में त्वरित कार्रवाई कर डीएसटी ने 60 वर्षीय आरोपी रामजी रेगर पुत्र लादू निवासी रेगर मोहल्ला थाना सरवाड़ को गिरफ्तार कर लिया।

केकड़ी एसपी राजकुमार गुप्ता ने बताया कि घटना के संबंध में रविवार को एक महिला ने थाना सरवाड़ पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 अगस्त की रात 8:00 बजे उसकी साढ़े 3 साल की बेटी बाबा रामदेव जी मंदिर के आंगन में खेल रही थी। तभी उसे रामजी रेगर उठा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

एसपी गुप्ता ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य के सुपरविजन में टीम गठित की गई। सोमवार को जिला स्पेशल टीम ने ब्यावर जिले के थाना विजयनगर इलाके में गांव दौलतपुरा में खेतों में छिपे आरोपी रामजी रेगर को रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मात्र 18 घंटों के अंदर गिरफ्तार कर लिया।

सार समाचार

## मुख्य नालों की सफाई का कार्य जारी



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

नगर पालिका बाप द्वारा इन दिनों बाप नगर के मुख्य नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है।नगरपालिका बाप चेयरमैन लीलादेवी जगदीश पालीवाल ने बताया की पिछले 5 दिन से सफाई अभियान चल रहा है। बाप कस्बे से जो मुख्य नाले निकासी के हैं, उन सभी नालों को साफ करवाया जा रहा हैं। नालों के आसपास में उगी हुई बबूल की झाड़ियों को भी कटवाया जा रहा है। यह सफाई अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## रुद्राभिषेक में पहुंचे जनप्रतिनिधि



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

फलोदी के संवित साधनायन केन्द्र शिव मंदिर में पूर्व सरपंच व वरिष्ठ भाजपा नेता महीपाल भादू, रामनिवास भादू व पूर्व प्रधान अभिषेक भादू आयोजित करवाये जा रहे रुद्राभिषेक में सोमवार को कई जनप्रतिनिधि पधारे। केंद्रीय प्रवास पर आये हुए उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ जिले की छरा विधानसभा के भाजपा विधायक ठाकुर रविंद्र पाल सिंह का भादू परिवार द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कुमार व्यास, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रावल जाणी आदि उपस्थित थे।

## कानासर व चारणाई के बीच कबड्डी का फाइनल आज



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाप के खेल मैदान में आयोजित हो रही राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिदिन विभिन्न पंचायतो की टीमों के बीच रोमांचक मैच हो रहे हैं। सोमवार को कब्बड्डी के दो सेमीफाइनल मैच हुए।जम्भेश्वरनगरी व कानासर के बीच खेले गए मैच में कानासर विजय रही। वही दूसरे सेमीफाइनल में चारणाई व बाप के बीच हुए मैच में चारणाई विजय रही। मंगलवार को कबड्डी का फाइनल मुकाबला चारणाई व कानासर के बीच खेला जाएगा। इस मौके मौलवी जमालुद्दीन चारणाई, मैच प्रभारी नरेश कुमार, रैफरी शैतानाराम विश्नोई, सुखराम बिश्नोई, अमृतलाल, सुखविंदर सिंह, चारणाई दल प्रभारी देवीदान चारण, शिवनाथ विश्नोई, चंद्र प्रकाश, कंचन मौर्य, सुदेश पाल, जगेश जागीङ आदि उपस्थित थे। कानासर ने 16 अंको से व चारणाई ने 8 अंको से सेमीफाइनल कब्बड्डी मैच जीते।

## जवान ने रक्तदान कर बचाई मरीज़ की जान



चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह) हिंडौन सिटी चिकित्सालय में भर्ती भूरी उम्र 24 साल, पति पिंटू , ब्लड ग्रुप पाजिटिव, निवासी शेखपुर वजीरपुर गंगापुर सिटी के शरीर में रक्त हीमोग्लोबिन 4 ग्राम रह जाने के कारण तुरन्त चिकित्सकों ने 3 यूनिट रक्त की आवश्यकता बताई ऐसी स्थिति में परिवार में कोई भी रक्त देने वाला नहीं होने के कारण जिसकी सूचना महिला सुरक्षा संघ प्रदेश महासचिव मगन भुकरावली को लगी उन्होंने कामा निवासी महिला सुरक्षा संघ के सदस्य अमर लाल एसडीआरएफ राज पुलिस से संपर्क किया जिस पर रक्तदाता ने रक्तदान की इच्छा जताई और 45 डिग्री तापमान में भरतपुर से बाइक 80 किलोमीटर की दूरी तय करके हिंडौन ब्लड बैंक पहुंचे जहां पर उन्होंने अपने जीवनकाल का 7 वा स्वैच्छिक रक्तदान किया और पीड़ित मरीज की जान बचाई।

# भागवत कथा के शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा

### भाजपा नेता समय सिंह जाटव हुए कार्यक्रम में शामिल

चमकता राजस्थान







भुसावर (राजवीर सिंह) कस्बे के निकटवर्ती ग्राम घाटरी में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा में गांव घाटरी सहित दो दर्जन से अधिक गांव की हजारों की संख्या में महिला शामिल हुई और सिर पर मंगल कलश धारण कर मंगल गीत भजन गाती हुई तथा देवी देवताओं के जयकारे लगाती हुई चल रही थी। सभी महिलाओं ने एक ही रंग के वस्त्र धारण कर रखे थे। महिलाओं के अलावा बड़ी संख्या में पुरुष व बच्चे भी शामिल थे जो हाथ में पताका लिए हुए नाचते हुए चल रहे थे। गांव के लोगों ने कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा में कथा के आयोजक एवं परीक्षित मुकेश शर्मा व श्रीमती अंजना देवी सहित सोहनलाल शर्मा, गोविंद शर्मा, शिव प्रसाद शर्मा, मिथिलेश शर्मा तथा भाजपा नेता समय सिंह जाटव आदि भी शामिल थे। कार्यक्रम के आयोजक मुकेश शर्मा ठेकेदार ने बताया कि 22 अगस्त से 28 अगस्त तक कथा का आयोजन होगा। कथावाचक देवी चित्रलेखा होगी। 22 अगस्त को महात्म, 23 को भागवन के 24 अवतार एवं व्यास नारद संवाद, 24 को ध्रुव चरित्र, पहलाद कथा, 25 को समुद्र मंथन, बामन अवतार ,भगवान राम एवं कृष्ण जन्म, नंदोत्सव, 26 को कृष्ण लीला एवं गोवर्धन पूजन, 27 को महारास, रुकमणी विवाह तथा रात्रि को खाटू श्याम जागरण, 28 को सुदामा चरित्र तथा 29 को महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं भंडारा होगा। उन्होंने बताया भागवत कथा 22 से 28 अगस्त प्रतिदिन दोपहर 2बजे से 5बजे तक आयोजित होगी।

## आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए चंद्रशेखर मोर्य ने किया जनसंपर्क

रामदास तरुण ब्यूरो चीफ



**धौलपुर.** सरमथुरा आगामी बसेडी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए भारतीय जनता पार्टी बसेड़ी विधानसभा के दावेदार प्रत्याशी माने जा रहे हैं। इसे लेकर द्वारिका प्रसाद मौर्य के पुत्र चंद्रशेखर मौर्य ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। आज उन्होने बसेड़ी के कई गांव तिमसिया, गांव निधारा और इधौन सहित उसके आसपास के पुरओं में जन सम्पर्क किया। चंद्र शेखर मोर्य का सरल स्वभाव आ रहा है लोगों को पसंद और युवा वोटर खुल कर उनके साथ संवाद कर रहा है।आगामी विधानसभा चुनाव में द्वारिका प्रसाद मौर्य, जाटव समाज से एक दावेदार प्रत्याशी माने जा रहे हैं और सर्व समाज में एक समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं साथ ही भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इस विधानसभा चुनाव से पूर्व जन संपर्क में द्वारिका प्रसाद मौर्य का तजुर्बा और चंद्रशेखर मौर्य का जोश जनता में उत्साह के केंद्र बना हुआ है। जनसम्पर्क के दौरान देवेश शर्मा,रामभजन,दिनेश चंद्र शर्मा,लोकेश शर्मा,अमरेश गुर्जर,राजेश शर्मा,भागीरथ, उमेश शर्मा सहित लोग उपस्थित रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक कल

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कल बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बाप की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बाप के अध्यक्ष केशुराम मेघवाल ने बताया कि बैठक नोख चौराहा के पास पार्वती पेट्रोल पंप के सामने स्थित होटल गैलेक्सी में सुबह 10.30 बजे आयोजित होगी। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हीराराम मेघवाल, जिला प्रभारी विक्रम सिंह, विधानसभा प्रभारी इंद्रजीत सिंह बराड़ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में फलोदी से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन पत्र लिये जायेंगे।

## केंद्रीय विधायक प्रवास प्रभारी की उपस्थित में दर्जन से अधिक मातृशक्ति ने थामा भाजपा का दामन

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान



फलोदी के व्यासो की बगेची में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय प्रवास कार्यक्रम के तहत फलोदी शहर मंडल द्वारा छर्रा अलीगढ़ (यूपी) के विधायक ठाकुर रवेंद्रपाल सिंह के मुख्य अथिति में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण के बाद धनेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन लाभ कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बोहरा, नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष रमेश थानवी, फलोदी मंडल अध्यक्ष शिवकुमार व्यास सहित समस्त मोर्चो के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दुपट्टा पहनाकर विधायक का स्वागत किया गया।बैठक में रमेश थानवी, दिनेश रंगा, राजेंद्र प्रसाद रावल जाणी ने भी अपने विचार रखे। प्रवासी विधायक रविंद्र पाल सिंह ने संगठनात्मक उद्बोधन, संगठन की कार्यशैली, बूथ से चुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को कमल के फूल प्रत्याशी को सारे मतभेद भुलाकर जी जान से जुट जाने की बात कही। बैठक के दौरान उन्होंने एक एक कर कार्यकर्ताओं से संगठन और चुनावी चर्चा मशवरा किया।कार्यकर्ताओं को केंद्रीय योजनाओं के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा गवरा देवी व्यास, नरेंद्रसिंह शेखावत पार्षद, यश कोठारी पार्षद, भारतीय जनता युवा मोर्चा महामंत्री मोती पुरोहित, शहर मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत चाडा, महिला मोर्चा महामंत्री अनामिका थानवी, कविता दवे, सीमा चौहान, सोशल मीडिया संयोजक हितेष थानवी, किरण दवे, जितेंद्र पुरोहित, जगदीश पालीवाल, तिलोक प्रजापत, जयप्रकाश बोहरा, जुगल किशोर गुचिया, पार्षद यशपाल कोठारी, जसवंत सोनी, सौरभ बोहरा, राजीव देवड़ा, प्रमिला पुरोहित, मंजू चांडा, सीमा बोहरा, शोभा टरु, उषा व्यास, कमला सुथार, गजेंद्र माली आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अनेक महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन शहर मंडल अध्यक्ष शिवकुमार व्यास ने किया।

# शिक्षक पर विद्यार्थी के साथ मारपीट करने का आरोप

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाप का है मामला, पीड़ित विद्यार्थी का सीएचसी बाप में प्राथमिक उपचार कर फलौदी किया रेफर, विद्यार्थियों ने किया हंगामा

बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाप में कार्यरत एक शिक्षक पर कक्षा 9 में अध्यनरत एक विद्यार्थी के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। शिक्षक की मारपीट से विद्यार्थी की रीढ़ की हड्डी पर चोट लगना बताया जा रहा है। यह पूरा घटनाक्रम सोमवार सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच का बताया जा रहा है। मारपीट से घायल विद्यार्थी को लेकर अन्य शिक्षक सीएचसी बाप पहुंचे। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित विद्यार्थी को फलोदी रेफर कर दिया। फलोदी में विद्यार्थी का एक्स-रे भी किया गया।

**परिजन पहुँचे विद्यालय, विद्यार्थियों ने भी किया हंगामा-** विद्यार्थी के साथ मारपीट करने की घटना की सूचना जैसे ही उसके परिजनों को मिली तो वे विद्यालय पहुंचे। इस घटना के बाद विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी स्कूल परिसर में हंगामा प्रारंभ कर दिया। कई विद्यार्थियों ने बताया कि आए दिन किसी न किसी विद्यार्थी के साथ मारपीट की जा रही है। सूचना मिलने पर बाप एसएचओ हमीर सिंह व मुख्य आरक्षी राजेंद्र सिंह मय जाप्ता सीनियर विद्यालय पहुंचे तथा हंगामा कर रहे विद्यार्थियों को शांत करवाया। इसके बाद ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी मनफूलसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाप पहुंचे। सीबीईओ ने प्रधानाचार्य से घटना को लेकर आवश्यक जानकारी ली।

सीबीईओ मनफूल सिंह ने बताया कि जिस शिक्षक पर मारपीट का आरोप लगा है वह विद्यालय में नहीं मिला। इस मामले को लेकर प्रधानाचार्य से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वही बाप पुलिस ने बताया कि अभी तक थाने में किसी भी प्रकार की लिखित में शिकायत नहीं आयी है।

## सरमथुरा की गंदगी पर मानव अधिकार आयोग दिल्ली ने मांगी जिला कलेक्टर

रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट

**धौलपुर.** जिले के सरमथुरा तहसील के एक स्थानीय नागरिक ने सरमथुरा नगर पालिका से बह कर जाने वाले सीवर के गंदे पानी को बिना ट्रीट/साफ किए हुए नदी में छोड़ने से हो रही गंदगी के दुष्परिणामों को ध्यान में रखते हुए मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली मुख्यमंत्री राजस्थान जिला कलेक्टर धौलपुर और एनजीटी को मेल द्वारा 23.07.2023 को विनती की थी। विनती में बताया गया है। कि सरमथुरा कस्बे का गंदा पानी खरेर नदी में बिना साफ किए छोड़ दिया जाता है जो गांव गस्तीपुरा डोलरे पुरा नागदेन रघुवीरपुरा, चकेया पुरा और अन्य गामों को नदी द्वारा पहुंचने वाला पानी दूषित हो रहा है जिससे ग्रामीणों को पानी पीने नहाने पूजा के कामों के लिए प्रदूषित पानी मिल रहा है। यही नहीं शिकायत करता ने बताया है कि यह गंदा पानी नदी के द्वारा अंगाई तालाब में पहुंचता है जो सही तरीके से साफ न होकर 84 गांव को सप्लाई किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को गंदा पानी पीने को मिल रहा है जिससे सभी 84 गांव के ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली के डिप्टी रजिस्ट्रार (विधि) ने जिला कलेक्टर धौलपुर से एक्शन टेकन रिपोर्ट संख्या 1795/ 20/12/ 2023 के जरिए मांगी है जो चार हफ्ते के अंदर प्रस्तुत करनी है। जागरूक नागरिक कहीं भी हो वह अपना जलवा दिखाते हैं। नगर पालिका में विकास कार्य में करोड़ों रुपए खर्च करने वाले प्रशासन को आईना भी दिखा रहे हैं कि किस प्रकार सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है लेकिन आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ की जा रही है और प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। यह गौरतलब है कि सरमथुरा तहसील का कस्बे का गंदा पानी नाले द्वारा नदी में पहुंच रहा है और ग्रामीणों का स्वास्थ्य प्रभावित होना स्वाभाविक भी है। शिकायतकर्ता द्वारा उठाया गया मुद्दा बेहद अहम और प्रशासन को जनहित कार्यों में अधिक गंभीरता से सोचने को मजबूर करेगा और अवश्य ही शुभ संकेत मिलने की उम्मीद है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी - महंत भगवानदास

### कौशल गौशाला परिसर जाम्बा में किया पौधरोपण



बाप/कविकान्त खत्री/चमकता राजस्थान

बाप क्षेत्र के कौशलनगर में संचालित श्री कौशल गौशाला परिसर में इन दोनों सघन पौधारोपण का अभियान चल रहा है। गौशाला संचालक महंत भगवानदास ने बताया कि तीन दिवसीय पौधरोपण अभियान के तहत गौशाला परिसर में विभिन्न किस्म के एक हजार पौधों का रोपण किया गया है। इस मौके बोलते हुए गौशाला संचालक महंत भगवानदास जंप ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। पेड़ो के बिना धरती पर जीवन अधूरा है। हम सभी को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधरोपण कर धरती को हरा भरा बनाने में अपना सकारात्मक सहयोग देना चाहिए। इस कार्य मे पपेंद्र जाणी, मास्टर वजीरसिंह मंडी आदमपुर हरियाणा ने सहयोग किया। इस मौके तेलूराम सहारण, बंशी विश्नोई, मालाराम सियाग आदि उपस्थित थे।

## नाम परिवर्तन

मेरा पुराना नाम विकास बेनीवाल पुत्र शंकरलाल था। मैंने आज से 6 वर्ष पूर्व गृहस्थ जीवन त्याग कर सन्यासी जीवन धारण कर लिया था। अब मेरा नाम विवेकानंद चेला श्री शिवदास जाति संत आयु 27 वर्ष निवासी ग्राम जांबा है। भविष्य में मुझे विवेकानंद चेला श्री शिवदास के नाम से जाना पहचाना जावे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवम 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली न.6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक: अभय सिंह चौहान, मोबाइल: 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)